# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

विश्वकर्मा पूजा की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.



ओम विश्वकर्मा नमः
निर्बल है तुझसे बल मांगते हैं,
करूणा का प्रयास से जल मांगते हैं,
श्रद्धा का प्रभु जी फल मांगते हैं।।
विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं...

# Agriculture & Industrial Needs

## भगवान विश्वकर्मा जयंती विशेष...






### कैसे हुई भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति

एक कथा के अनुसार सृष्टि के प्रारंभ में सर्वप्रथम 'नारायण' अर्थात साक्षात विष्णु भगवान सागर में शेषशय्या पर प्रकट हुए. उनके नाभि-कमल से चतुर्मुख ब्रह्मा दृष्टिगोचर हो रहे थे. ब्रह्मा के पुत्र 'धर्म' तथा धर्म के पुत्र 'वास्तुदेव' हुए. कहा जाता है कि धर्म की 'वस्तु' नामक स्त्री से उत्पन्न 'वास्तु' सातवें पुत्र थे, जो शिल्पशास्त्र के आदि प्रवर्तक थे. उन्हीं वास्तुदेव की 'अंगिरसी' नामक पत्नी से विश्वकर्मा उत्पन्न हुए. पिता की भांति विश्वकर्मा भी वास्तुकला के अद्वितीय आचार्य बने.


Contact for Ad
Mob.: 9340808313















# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025


### टीम इंडिया की जर्सी का प्रायोजक अपोलो टायर्स




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 के बाहर निकलने के बाद अपोलो टायर्स को ढाई साल की अवधि के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का नया जर्सी प्रायोजक बनाने की घोषणा की। सौदे की कीमत 579 करोड़ रुपये है जो मार्च 2028 तक चलेगा।






# अंकसूची सुधारने में अब पांच गुना ज्यादा खर्च, रविवि ने 120 से बढ़ाकर 500 किया शुल्क

## विद्यापरिषद की स्थायी समिति में लिया गया था फैसला, अब कार्यपरिषद ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

यदि आपने पं.रविशंकर शुक्ल विवि से किसी तरह की डिग्री हासिल की है अथवा डिप्लोमा या कोई अन्य पाठ्यक्रम किया है और आपकी अंकसूची में त्रुटि है तो इसे सुधारने अब पहले से लगभग पांच गुना अधिक राशि देनी होगी। रविवि ने अंकसूची सुधार में लगने वाली राशि में वृद्धि कर दी है। पहले छात्रों को अंकसूची में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर 120 रुपए देने होते थे, लेकिन अब 500 रुपए देने होंगे। विद्यापरिषद की बैठक में जुलाई माह में इस संदर्भ में निर्णय लिया गया था। अब कार्यपरिषद की बैठक में भी इसे मंजूरी प्रदान कर दी गई है। सितंबर माह से बढ़ा हुआ शुल्क भी लागू कर दिया गया है। विवि द्वारा इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

इसके अलावा विवि द्वारा उन परिस्थितियों का भी जिक्र किया ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सर्वाधिक आवेदन डिग्री के कारण

अंकसूची सुधार के लिए सर्वाधिक आवेदन डिग्री के कारण प्राप्त होते हैं। अधिकतर विद्यार्थियों को डिग्री के लिए आवेदन करने के बाद ही त्रुटि की जानकारी होती है। डिग्री प्रदान करने के लिए सभी वर्ष की अंकसूची में एकरूपता होना अनिवार्य है। प्रायः छात्र अथवा उनके अभिभावकों के नाम में एकरूपता नहीं होती है। डिग्री के लिए आवेदन छात्र पढ़ाई पूर्ण होने के बाद करते हैं। ऐसे में 120 का समय स्वाभाविक रूप से गुजर चुका होता है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व चुनौती मूल्यांकन की राशि को लेकर ▶▶| शेष पेज 4 पर



### ऑनलाइन दर्ज होगा सुधार का रिकॉर्ड

अंकसूची में सुधार संबंधित किसी तरह की ऑनलाइन जानकारी अब तक अपडेट नहीं की जाती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। यदि किसी विद्यार्थी की अंकसूची में सुधार किया गया है तो डिजिटल सिस्टम में संशोधित डेटा अपडेट करना होगा। जिन छात्रों की अंकसूची में ▶▶| शेष पेज 4 पर

**पुनर्वास की राशि देने मांगी रिश्वत**

## घूस लेते एनटीपीसी के डिप्टी जीएम को दबोचा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर ने भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एनटीपीसी कार्यालय रायकेरा घरघोड़ा के उप महाप्रबंधक को साढ़े चार लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रभावितों को पुनर्वास राशि देने के एवज में रिश्वत की मांग रहा था।

जानकारी के अनुसार तिलाईपाली थाना तमनार निवासी प्रार्थी सौदागर गुप्ता ने एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में शिकायत की थी कि उसके ग्राम तिलाईपाली स्थित मकान के तीन हिस्सों में ▶▶| शेष पेज 4 पर

### ट्रेप से पकड़ा गया आरोपी

प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन के बाद ट्रेप आयोजित कर प्रार्थी से विजय दुबे, उप महाप्रबंधक एनटीपीसी को 4.50 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। ▶▶| शेष पेज 4 पर


**आनंद का सच्चा भाव**

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹80805/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹98690/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹107729/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


### शांति वार्ता पर केंद्रीय समिति ने दूसरा व संगठन ने चौथा पत्र किया जारी

# नक्सलियों का बड़ा ऐलान, कहा- छोड़ देंगे हथियार, हम बातचीत के लिए तैयार

*सरकार और सुरक्षा बलों की आक्रामक रणनीति से हड़बड़ाए माओवादियों ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने पत्र जारी कर शांति वार्ता को आगे बढ़ाने हथियार छोड़ने की बात कही है। यह भी कहा है कि जरूरत पड़ने पर समस्याओं को लेकर वे जन आंदोलन करते रहेंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों ने एक बार फिर शांतिवार्ता की पेशकश करते हुए एक माह के सीज-फायर का प्रस्ताव केंद्र व राज्य सरकार के सामने रखा है। केंद्रीय समिति प्रवक्ता अभय ने शांतिवार्ता की पेशकश करते हुए पर्चा जारी किया है। पत्र में वार्ता के लिए ई-मेल एड्रेस भी जारी किया गया है।

जारी प्रेसनोट में लिखा है कि हम मार्च 2025 से हमारी पार्टी सरकार के साथ शांति वाली के लिए गभीर एवं ईमानदारी के साथ प्रयास कर रही है। इससे पूर्व हमारी पार्टी के केंद्रीय कमेटी प्रवक्ता कामरेड अभय द्वारा 10 मई को बयान जारी किया था। जिसमें उन्होंने हमारी पार्टी हथियार छोड़ने के बारे में उल्लेख करते हुए इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर हमारी पार्टी के सर्वोच्च नेतृत्वकारी कामरेडों के साथ सलाह मशविरा करने के लिए एक माह के समय की मांग करते हुए सरकार के सामने सीज-फायर का प्रस्ताव रखा था, लेकिन केंद्र सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की थी। बावजूद ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सरकार और सुरक्षा बलों की रणनीति से घबराए माओवादी

### कई बार लगा चुके हैं शांति की गुहार

पत्र में लिखा है कि हजारों की संख्या में सशस्त्र पुलिस बल की तैनात कर हमले को अंजाम दिया गया। माड़ के मुंडेकोट के पास 21 मई को हुई भीषण हमले में पार्टी के महासचिव बसवराजू सहित केन्द्रीय समिति के स्टाफ एवं उनके सुरक्षा गार्ड के 28 साथी शहीद हुए। शांति वार्ता की प्रक्रिया को बीच में आधा अधूरा न छोड़कर उनके विचारों के ▶▶| शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

### प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के लिए तैयार

अभय ने कहा कि हम इस विषय पर केंद्र के गृहमंत्री व उनसे नियुक्त व्यक्तियों से अथवा प्रतिनिधि मण्डल से वार्ता के लिए हम तैयार हैं, लेकिन हमारी इस बदले हुए विचार से साथियों को अवगत कराना पड़ेगा। यह हमारा दायित्व है कि बाद में पार्टी के अंदर इस पर सहमत जताने वाले व विरोध करने वाले स्पष्ट होकर सहमत जताने वाले साथियों से एक प्रतिनिधि मण्डल तैयार कर शांति वार्ता में हम शिरकत करेंगे।

### जारी किया ई-मेल एड्रेस

अभय ने शांति वार्ता के लिए ई-मेल, फेसबुक आईडी भी जारी किया है। लिखा गया है कि इस माध्यम से वे अपने विचार और प्रपोजल पर सरकार अपनी सहमति जताते हुए सहयोग करने आश्वासन देने के फौरन बाद से ही हम यह दिए ईमेल और फेसबुक अकाउंट को देख सकते हैं। अभय ने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### वीडियो कॉल के जरिए भी वार्ता के लिए तैयार

अभय ने जारी पर्चे में केंद्र सरकार से अनुरोध करते हुए कहा है कि देश भर के अलग-अलग राज्यों में काम कर रहे और जेल में बंद साथियों से सलाह मशविरा करने के लिए हमें एक माह की समय चाहिए। इस विषय पर प्राथमिक रूप से सरकार के साथ हम वीडियो कॉल के जरिए विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए भी हम तैयार हैं। इसलिए और एक बार हम स्पष्ट कर रहे हैं कि फौरन एक माह समय के लिए औपचारिक रूप से सीज-फायर की घोषणा करें। इसके अलावा खोजी अभियानों को रुकवाकर शांति वालों प्रक्रिया को आगे बढ़ाना खून से वह रहे जंगलों को शांति में तब्दील करना यह आपके द्वारा लिए जाने वाली अनुकूल रुख पर ही निर्भर करेगी।

**खैरी पागरी गांव में दर्दनाक घटना**

## फेंसिंग तार का करंट बना काल माता-पिता के साथ बेटे की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के थाना पाटनखास अंतर्गत ग्राम पंचायत टाटेकसा के आश्रित ग्राम खैरी पागरी में देर रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के मां, बाप व बेटा तीन सदस्यों की धारा प्रवाह बिजली करंट में चिपकने से दर्दनाक मौत हो गई है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मुर्गा-मुर्गी को बचाने लगाया करंट

मामले में पाटन पुलिस के साथ-साथ अंबागढ़ चौकी विद्युत मंडल जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक रूप से विद्युत विभाग के अफसर व कर्मचारियों ने बताया कि गांव के बाहर स्थित झोपड़ी में मृत परिवार मुर्गा-मुर्गी का पालन करता है। उक्त झोपड़ी में ▶▶| शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### 16 हजार विदेशी नागरिकों की होगी पहचान

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी देश में रह रहे लगभग 16,000 विदेशी नागरिकों की पहचान करने को कहा है। इन विदेशों नागरिकों में से ज्यादातर अफ्रीकी देशों से हैं और ये मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य अपराधों में शामिल हो सकते हैं। ब्यूरो ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक पत्र भेजकर ऐसे लोगों का पता लगाने और अधिनियम के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

### बाइक-पिकअप की टक्कर में पिता-पुत्र की मौत

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक किशोर और उसके पिता की मौत हो गई जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना जरीडीह थाना क्षेत्र में घटी। सब्जियों से लदे तेज रफ्तार पिकअप वाहन की मोटरसाइकिल से टक्कर हुई।

### संगमा मंत्रिमंडल में फेरबदल, आठ नए मंत्री

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने अपनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में मंगलवार को बड़ा फेरबदल किया। इसके तहत आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली इनमें सात नये चेहरे भी शामिल हैं। नेशनल पीपुल्स पार्टी के टिमोथी डी शिरा, भाजपा के सनबोर शुल्लई, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के मेतबाह लिंगदोह ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में शपथ ली।

### ऑस्कर विजेता निर्देशक रॉबर्ट रेडफोर्ड का निधन

**प्रोवो।** ऑस्कर विजेता अभिनेता, निर्देशक और 'सनडांस' के संस्थापक तथा स्वतंत्र सिनेमा के जनक रॉबर्ट रेडफोर्ड का मंगलवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। वर्ष 1960 के दशक में सिनेमा जगत में अपनी पहचान बनाने वाले रेडफोर्ड 70 के दशक के सबसे बड़े सितारों में से एक थे, जिन्होंने द कैंडिडेट, ऑल द प्रेसिडेंट्स मैन और द वे वी वर जैसी फिल्मों में काम किया।

**75 साल के हुए प्रधानमंत्री**

## ट्रंप ने मोदी को किया फोन दी जन्मदिन की बधाई

### पीएम बोले-वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने प्रतिबद्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और उन्हें उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी। इस महत्वपूर्ण कदम को नयी दिल्ली के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने के वाशिंगटन के प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि ट्रंप की तरह वह भी भारत-अमेरिका व्यापक एवं वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे मित्र राष्ट्रपति ▶▶| शेष पेज 4 पर

### देशभर में आज से आयोजन

भाजपा का संगठन देश भर में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविरों सहित ऐसे कई आयोजन करेगा। ये कार्यक्रम 'सेवा पखवाड़ा' का हिस्सा हैं, जिसे सत्तारूढ़ दल 17 सितंबर से 2 अक्टूबर (महात्मा गांधी की जयंती) के बीच मनाएगा। इस दौरान देशभर में पार्टी संगठन, केंद्र सरकार या भाजपा शासित राज्यों की भागीदारी से भारत में निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी मेले, मोदी विकास मैराथन, विकसित भारत पर चित्रकला प्रतियोगिता, बुद्धिजीवियों के साथ संवाद, रक्तदान और चिकित्सा शिविर, तथा स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाएंगे।

### पीएम आज करेंगे सेवा पखवाड़े की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को 75 वर्ष के हो जाएंगे। उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा और केंद्र व राज्यों में उसकी सरकारें कई कल्याणकारी और विकास योजनाएं शुरू करेंगी। पीएम मोदी इस मौके पर मध्य प्रदेश से एक पखवाड़े तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य और पोषण अभियान की शुरुआत करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मोदी धार से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का आरंभ करेंगे। इसमें कहा गया कि वह कई अन्य विकास पहलों का अनावरण करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

**मदर डेयरी का बड़ा ऐलान**

## दूध हुआ सस्ता, घी-पनीर, आइसक्रीम के घटे दाम, 22 से नया रेट लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दूध, घी और मक्खन खरीदने वाले ग्राहकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सरकार के जीएसटी सुधारों के ऐलान के बाद बड़ा असर देखने को मिला है। मदर डेयरी ने मंगलवार को ग्राहकों को राहत देते हुए दूध के दाम में कटौती कर दी है। 22 सितंबर से नए जीएसटी रेट्स लागू होने वाले हैं, लेकिन इससे पहले ही कंपनी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### ये नई कीमतें

मदर डेयरी के 1 लीटर यूएचटी मिल्क (टोंड-ट्रेटा पैक) का प्राइस जहां 77 रुपए से कम होकर 75 रुपए कर दिया गया है। 450 एमएल का पैक अब 33 रुपए की जगह 32 रुपए का मिलेगा। तमाम फ्लेवर के मिल्कशेक के 180 एमएल पैक की कीमत 28 रुपए रह गई है।

**ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़ा धनशोधन मामला**

## उथप्पा, युवराज और सोनू सूद को ईडी ने किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ईडी ने एक कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए पूर्व क्रिकेटरों रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह तथा अभिनेता सोनू सूद को पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने कहा कि उथप्पा (39), युवराज सिंह (43) और सूद (52) को



'1एक्सबेट' नामक प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अगले सप्ताह दिल्ली में एजेंसी के मुख्यालय में जांच इकाई के सामने पेश होने और ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मशहूर हस्तियों द्वारा धन के उपयोग की जांच

सूत्रों के अनुसार, ईडी की जांच का उद्देश्य मशहूर हस्तियों से यह जानना है कि उक्त सट्टेबाजी कंपनी ने उनसे समर्थन प्राप्त करने के लिए कैसे संपर्क किया? भारत में संपर्क के लिए नोडल व्यक्ति कौन थे? भुगतान का तरीका (हवाला या बैंकिंग चैनल के माध्यम से नकद) और भुगतान का स्थान (भारत या विदेश में) आदि।

**चालक से भी गाली गलौच, गमला उठाकर कांच तोड़ा था**

# नशे में सिपाही ने की थी पवन साय की कार में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय की कार में तोड़फोड़ करने वाला आरोपी एक पुलिस कांस्टेबल निकला, जो वर्तमान में पुलिस मुख्यालय में पदस्थ है। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम करीब 5:40 बजे पवन साय इलाज के लिए छत्तीसगढ़ डेंटल अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल के पास कार रोकने के बाद वे उपचार के लिए भीतर चले गए, जबकि उनका चालक वाहन को महात्मा गांधी परिसर रायपुर के पार्किंग स्थल में खड़ी कर, अंदर बैठकर प्रतीक्षा कर रहा था। इसी दौरान अचानक ऊपर से मिट्टी से भरी बाल्टी फेंकी गई, जिससे कार का सामने शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। जब चालक ने ऊपर देखा तो पाया कि यह हरकत द्वितीय तल पर रहने वाले कांस्टेबल राकेश त्रिपाठी ने की थी। आरोप है ▶▶| शेष पेज 4 पर


भाजपा के संगठन महामंत्री साय की कार का शीशा गमले से टूटा

### कांस्टेबल को घर से पकड़कर लाया गया थाना

*सूत्रों के अनुसार आरोपी कांस्टेबल पुलिस मुख्यालय में पदस्थ है तथा महात्मा गांधी परिसर के पास बनी पुलिस कालोनी में ही वह रहता है। रात में नशे में होने के कारण पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया। इस मामले में जब राजनीतिक दबाव पड़ा तो पुलिस दोपहर कांस्टेबल के घर पहुंची और उसे हिरासत में लेकर थाने लेकर आई है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।*

### निलंबन कार्रवाई की भी संभावना

*इस मामले में कांस्टेबल के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने धारा 296, 324-4 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही कर रही है, वहीं दूसरी ओर कांस्टेबल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होने की भी संभावना जताई जा रही है। कांस्टेबल ने शराब के नशे में जो हरकत की है। इसे विभाग पुलिस सेवा के अनुशासन के विरुद्ध मानकर उसे निलंबित भी कर सकता है। इधर सीएसपी कोतवाली का कहना है कि कांस्टेबल ने जो अपराध किया है, उस मामले में अपराध दर्ज कर लिया है, लेकिन विभागीय कार्रवाई पुलिस मुख्यालय ही कर सकता है, क्योंकि कांस्टेबल पुलिस मुख्यालय में पदस्थ है।*





सरकार का बड़ा फैसला किए जा रहे कई बदलाव

# लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड अब बन जाएगा 'महाप्रचंड'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना और वायुसेना की ताकत को और मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हाल) भारत के स्वदेशी लाइट कॉम्बट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड को बड़ा अपग्रेड करेगी। यह अपग्रेड हेलीकॉप्टर की मारक क्षमता और बचाव की शक्ति को कई गुना बढ़ा देगा। लगभग 62,700 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में हाल 156 हेलीकॉप्टर बनाएगी, जिनमें से 90 सेना के लिए और 66 वायुसेना के लिए होंगे। डिलीवरी 2027-28 से शुरू होगी और 2033 तक पूरी हो जाएगी। हाल के टुमकुरु फैक्टरी (कर्नाटक) में उत्पादन होगा, जो भारत का सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर प्लांट है। यहां सालाना 30 हेलीकॉप्टर बन सकेंगे। जरूरत पर 100 तक बढ़ाया जा सकता है। बता दें, एलसीएच प्रचंड भारत का पहला स्वदेशी कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है।




### यह होगा फायदा

ये अपग्रेड्स फायरपावर बढ़ाएंगे और दुश्मन के खिलाफ बचे रहने की क्षमता देंगे। नए बदलाव प्रचंड को ऊंचाई (5,000 मीटर से ऊपर) पर उड़ाने के लिए आदर्श बनाएंगे। यह दुश्मन एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट करने, ड्रोन/धीमी विमानों को मार गिराने, बंकर तोड़ने, काउंटर-टेरर ऑपरेशंस और ग्राउंड फोर्सेस को सपोर्ट करने के लिए डिजाइन है।

### सेना और वायुसेना की ताकत में इजाफा

यह डील भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता को मजबूत करेगी। प्रचंड ऊंचाई वाले इलाकों (जैसे सियाचिन, लद्दाख) के लिए बेस्ट है। 90 सेना को और 66 वायुसेना को मिलने से हेलीकॉप्टर फ्लीट कई गुना बढ़ेगा। यह 'मेक इन इंडिया' का प्रतीक है, जो रोजगार और अर्थव्यवस्था को बूस्ट देगा। 2020-22 के चीन-भारत संघर्ष में प्रोटोटाइप ने लद्दाख में सशस्त्र गश्त की, जो इसकी क्षमता साबित करता है। नवंबर 2024 में सेना ने पूर्वोत्तर में हाई-ऑल्टिट्यूड फायरिंग की। यह हेलीकॉप्टर दुश्मन पनडुब्बियों, ड्रोन और टैंकों से लड़ने में सक्षम है।

### 7 नए सिस्टम्स

- लेजर-गाइडेड रॉकेट: लेजर से निर्देशित, जो सटीक हमले करेंगे
- न्यूक्लियर डिटेक्शन कैपेबिलिटी: न्यूक्लियर हमलों का पता लगाने के लिए
- डायरेक्टेड इंफ्रारेड काउंटरमेजर्स: इंफ्रारेड मिसाइलों को भटकाने के लिए
- डेटा लिंक: सुरक्षित संचार के लिए, जो अन्य विमानों या ग्राउंड स्टेशनों से जोड़ेगा
- ऑब्स्टेकल अवॉइडेंस सिस्टम: बाधाओं (जैसे पहाड़ या तारें) से बचने के लिए ऑटोमेटिक सेंसर
- मॉडर्न इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम: दुश्मन रडार को जाम करेगा और मिसाइलों को चकमा देगा
- स्वदेशी एयर-टू-ग्राउंड मिसाइल: दुश्मन के ग्राउंड टारगेट्स को सटीक निशाना लगाने के लिए, जैसे टैंक या बंकर

### 4 प्रमुख अपग्रेड्स

- एडवांस्ड आर्मर: दुश्मन हथियारों से ज्यादा सुरक्षा
- बेहतर इंजन और एवियोनिक्स: ऊंचाई पर ज्यादा पावर और सटीकता
- इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल पॉड: बेहतर सेंसर से रात में या खराब मौसम में निगरानी
- हेलमेट-माउंटेड पॉइंटिंग सिस्टम: पायलट हेलमेट से ही हथियार निर्देशित कर सकेगा, जो निशाना लगाना आसान बनाएगा

## खबर संक्षेप

### ट्रांसजेंडर को कोटा, 18 सितंबर को सुनवाई



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उच्च चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में तृतीय लिंग (ट्रांसजेंडर) लोगों के लिए सीटों के आरक्षण से संबंधित याचिका पर 18 सितंबर को सुनवाई करने पर सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि यदि तृतीय लिंगी व्यक्तियों को आरक्षण प्रदान करने के लिए शीर्ष अदालत का कोई आदेश है, तो उसका पालन किया जाना चाहिए। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने कहा कि एक मुद्दा यह है कि इस समुदाय के व्यक्तियों के लिए कोटा क्षैतिज होगा या नहीं।

### अहमदनगर रेलवे स्टेशन अब कहलाएगा 'अहिल्यानगर'

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की ओर से मंगलवार को सेंट्रल रेलवे के पुणे डिविजन में आने वाले एक स्टेशन का नाम आधिकारिक रूप से बदले जाने का ऐलान किया। यहां के अहमदनगर स्टेशन को अब अहिल्यानगर रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। स्टेशन के नाम बदले जाने को लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर को श्रद्धांजलि बताया गया है। भारतीय रेलवे द्वारा किया गया ये बदलाव महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन और भारत के महासर्वेक्षक के लेटर के अनुरूप है।

### कुनो में मृत मिली मादा चीता, तेंदुए से लड़ाई में गंवाई जान

**कुनो।** मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में एक मादा चीता मृत पाई गई है। अधिकारियों को आशंका है कि यह एक तेंदुए के साथ लड़ाई में मारी गई होगी। साल 2022 में अफ्रीका से कुनो में चीतों को लाए जाने के बाद से यह इस तरह की पहली घटना है। कुनो राष्ट्रीय उद्यान के क्षेत्र निदेशक द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, अधिकारियों को सोमवार शाम लगभग 6.30 बजे जंगल में मादा चीता मृत मिली थी। कुनो में मृत मिली मादा चीता ज्वाला नाम की नामीबियाई चीता के चार उप-वयस्क शावकों में से एक थी।

पाक पूर्व कप्तान आफरीदी ने भारतीय खिलाड़ियों के 'हाथ न मिलाने पर' साधा निशाना

# 'जैसा गाजा के साथ इजरायल करता है, वैसा ही भारत हमारे साथ कर रहा'

*भारत ने पहले पाकिस्तान को जंग के मैदान में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान धूल चटाई। इसके बाद एशिया कप 2025 में खेल के मैदान में भी करारी शिकस्त दी। मैच में पटखनी देने के साथ भारतीय क्रिकेट टीम ने मैदान पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ न मिलाकर उनकी इंटरनेशनल बेइज्जती भी कर दी। इससे पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। इसी पर अब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद आफरीदी ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। वैसे तो वह कश्मीर को लेकर लगातार भारत विरोधी बयान देते रहते हैं। लेकिन इस बार उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधा है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आफरीदी ने 'समा टीवी' को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि भारत, पाकिस्तान के साथ वैसा ही बर्ताव कर रहा है, जैसा गाजा के साथ इजरायल करता है। उन्होंने कहा कि एक इजरायल काफी नहीं है, जो तुम यहां पर भी इजरायल बनने की कोशिश कर रहे हो। आफरीदी ने कहा कि जब तक इनके टॉप लीडर हैं, ऐसा ही चलता रहेगा। आफरीदी ने मोदी सरकार पर सत्ता में बने रहने के लिए लिए हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। आफरीदी ने कहा कि मोदी सरकार सत्ता हासिल करने के लिए हिंदू-मुस्लिम कार्ड खेल रही है। उन्होंने धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए बीजेपी पर निशाना साधा है। आफरीदी ने कहा कि ये जो सरकार है, मज़हब का कार्ड खेलती है। हिंदू-मुस्लिम कार्ड खेलती है। खुद को सत्ता में लाने के लिए यह बहुत ही गंदे क़िस्म की मानसिकता है।

### मोदी सरकार की आलोचना राहुल को बताया पाजीटिव माइंड सैट वाला

### एशिया कप के मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाक खिलाड़ियों को किया था नजरअंदाज



### पूरी दुनिया को साथ लेकर चलना चाहते हैं राहुल

आफरीदी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तारीफ की। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने कहा कि राहुल गांधी बातचीत करना चाहते हैं। आफरीदी ने राहुल को लेकर कहा कि वह बहुत ही पॉजीटिव माइंडसेट वाले आदमी हैं। वह बातचीत के जरिए पूरी दुनिया को साथ लेकर चलना चाहते हैं। शाहिद आफरीदी का ताज़ा हमला उनकी पुरानी आदत से बिल्कुल मेल खाता है। भारत से आगे निकलने की कोशिश में, उन्होंने एक बार फिर बेबुनियाद दावे किए, जबकि पाकिस्तान के सीमा पार आतंकवाद के इतिहास को साफ़ तौर पर नज़रअंदाज़ कर दिया।

### आफरीदी का यह बयान

एशिया कप 2025 में भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को ग्रुप फेज के मुकाबले में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के हाथ न मिलाने कदम अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए उठाया गया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इस कदम से नाराज आफरीदी ने दावा किया कि भारतीय क्रिकेटरों को हाथ मिलाने से बचने के ऑर्डर दिए गए हैं। आफरीदी ने कहा, 'मैं भारतीय क्रिकेटरों को दोष नहीं देना चाहता, उन्हें ऊपर से आदेश दिए गए थे।'

### हर भारत-द्वेषी राहुल में अपना दोस्त ढूंढ लेता है : भाजपा

*भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अफरीदी की टिप्पणी पर रिएक्ट करते हुए कहा कि भारत से नफरत करने वाले हर व्यक्ति को राहुल गांधी और कांग्रेस में एक सहयोगी मिल जाता है। इस वीडियो को रीट्वीट करते हुए बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने लिखाः कट्टर हिंदू नफरती शाहिद अफरीदी, जो भारत के खिलाफ जहर उगलने और कश्मीर को पाकमें मिलाने का सपना देखने का कोई मौका नहीं छोड़ते, अचानक राहुल गांधी की तारीफों के पुल बांध रहे हैं। ऐसा क्यों है कि हर भारत-द्वेषी राहुल गांधी में अपना दोस्त ढूंढ लेता है? जब भारत के दुश्मन आपकी जय-जयकार करने लगें तो भारत की जनता को पता चल जाता है कि आपकी वफादारी किसकी है।*

सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए तय कर दी डेडलाइन

# महाराष्ट्र में अगले साल जनवरी तक कराना होगा निकाय चुनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्थानीय निकायों के चुनाव कराने में देरी पर महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को कड़ी फटकार लगाते हुए 31 जनवरी, 2026 तक इसे पूरा कराने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने साफ कर दिया है कि 2022 से रुके हुए राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों कराने के लिए अब किसी तरह के समय सीमा नहीं बढ़ाई जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कई सालों से लंबित स्थानीय निकाय चुनावों को समय पर पूरा कराने के आदेश का पालन करने में विफल रहने से नाराजगी जाहिर की।

### नहीं दिया जाएगा अब और समय

पीठ ने आदेश दिया है कि 'जिला परिषदों, पंचायत समितियों और सभी नगर पालिकाओं सहित सभी स्थानीय निकायों के चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक करा लिए जाएं। अब इसके लिए और समय नहीं दिया जाएगा। पीठ ने साफ कर दिया है कि यदि किसी अन्य सहायता की जरूरत हो, तो राज्य निर्वाचन आयोग 31 अक्टूबर, 2025 से पहले अर्जी दाखिल कर सकती है। उसके बाद किसी भी तरह की मांग पर विचार नहीं किया जाएगा। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग निर्धारित समय-सीमा में न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने में विफल रहा।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 26/09/2025

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र. / नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 173/2025-26 दिनांक 12/09/2025 | 174938 (प्रथम आमंत्रण) | उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक-01, जगदलपुर के अन्तर्गत बाढ़ से क्षतिग्रस्त विभिन्न मार्गो (नेतानार - कोलेंग मार्ग) का जीर्णोद्धार कार्य । | 200.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग बस्तर मडल जगदलपुर

G- 252603540/4



**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ०ग )**

रा.मा.क./202508170500001 / अ-20 (3) /2024-25

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर ने कार्यालयीन पत्र क्रमांक / पु०अ० / ना०पुर / एसी-1 / एम-966 / 2025 दिनांक 07.08.2025 के माध्यम से ग्राम नारायणपुर, पटवारी हल्का नंबर 17 नारायणपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 150 में से रकबा 0.750 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 151 / 1 में से 0.100 हेक्टेयर एवं खसरा क्रमांक 152 में से रकबा 2.15 हेक्टेयर भूमि को अंदरूनी सुरक्षा कैम्पों मं तैनात बलों के सामरिक मुख्यालय की स्थापना, अधिकारी / कर्मचारियों के निवास / रहवास हेतु भूमि आबंटन करने की मांग की गई है, आवेदित संस्था को भूमि आबंटित किये जाने के संबंध में प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी ( रा० ) नारायणपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, जिसकी सुनवाई दिनांक 30.09.2025 को इस न्यायालय में नियत है ।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि को या इसके पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है । नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी ।

G- 252603525/2

तहसीलदार, नारायणपुर


इंटरपोल का बड़ा अभियान

# भारत समेत 18 देशों में 76 टन ड्रग्स जब्त, 386 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ड्रग्स तस्करी के खिलाफ इंटरपोल ने एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाया है, जिसका नाम 'ऑपरेशन लायनफिश-मेयाग III' है। यह ऑपरेशन भारत समेत 18 देशों में सिर्फ दो हफ्तों में चलाया गया। इस ऑपरेशन में 76 टन ड्रग्स, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 6.5 बिलियन डॉलर है, जब्त की गई। इस दौरान 386 गिरफ्तारियां भी हुईं। इसमें




कई ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिन्हें इंटरपोल काफी पहले से ढूंढ रहा था और उन पर संदेह था कि वे दक्षिण कोरिया में ड्रग तस्करी को लेकर किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा हैं।

### सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय ड्रग-रोधी कार्रवाई

इस ऑपरेशन को इंटरपोल की अब तक की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय ड्रग-रोधी कार्रवाई में से एक माना गया है। ऑपरेशन में रिकॉर्ड 297 मिलियन मेथ की गोलियां जब्त की गईं, साथ ही फेंटानिल, हेरोइन, कोकीन और प्रीकर्सर का बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया। ड्रग्स को सर्फबोर्ड, टी बॉक्स, कैट फूड और कॉफी मशीन में छिपाया गया था।

### भारत से फेंटानिल की हुई जब्ती

इस ऑपरेशन में सबसे ज्यादा फेंटानिल भारत से जब्त किया गया है। जब्त की गई फेंटानिल की मात्रा इतनी थी कि इससे 15.1 करोड़ लोगों की जान जा सकती थी। भारत में यह एक्शन केटामेलॉन नाम के एक प्रमुख डार्कनेट सिंडिकेट पर लिया गया। फेंटानिल एक ओपिऑइड ड्रग है, जो पूरी तरह से लैब में तैयार किया जाता है। हालांकि, इसे पेन किलर के रूप में मंजूरी मिली हुई है, लेकिन इसका गैरकानूनी तरीके से भारत में उत्पादन किया जाता है।

# और भड़की जंग, गाजा की गलियों में उतरे इजरायली टैंक

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजरायल और हमास के बीच लड़ाई अब नए चरण में पहुंच चुकी है। लंबे समय से टल रही जमीनी जंग आखिरकार शुरू हो गई है। इजरायली सेना ने गाजा सिटी की तंग गलियों में टैंक और सैनिकों के साथ प्रवेश किया है। सेना के मुताबिक यह 'मुख्य चरण' है, जिसमें हवाई हमलों और खुफिया जानकारी के साथ जमीनी कार्रवाई जोड़ी गई है। इजरायल डिफेंस फोर्सका कहना है कि यह हमला धीरे-धीरे और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। उनका सीधा निशाना हमास का केंद्रीय ठिकाना है। अनुमान है कि करीब 3,000 हमास लड़ाके शहर में मौजूद हैं,




जिनमें से कई भूमिगत सुरंगों में छिपे हैं। इजरायली अखबारों के मुताबिक दो डिवीजन गाजा सिटी में घुस चुकी हैं और एक डिवीजन ने शहर को चारों ओर से घेर लिया है। मंगलवार दोपहर तक लगभग 40% इलाके पर इजरायली सेना का नियंत्रण बताया गया।

संयुक्त कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# 'युद्ध के गैर-परंपरागत खतरों से मुकाबले को तैयार रहें सेनाएं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच कोलकाता में आयोजित किए जा रहे सेना, वायुसेना और नौसेना के तीन दिवसीय 'संयुक्त कमांडर सम्मेलन-25 (ट्रिपल-सी)' के दूसरे दिन मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष कमांडरों को संबोधित किया। जिसमें सबसे पहले उन्होंने सेनाओं से ये आह्वान किया कि उन्हें युद्ध के परंपरागत खतरों के बाहर मौजूद सूचना, विचारधारा, पारिस्थितिकी और जैविक युद्ध जैसी गैर-परंपरागत अदृश्य चुनौतियों से दो-दो हाथ करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। युद्ध की प्रकृति लगातार बदल रही है और उसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए हालिया संघर्षों ने तकनीक से मित्रता रखने वाली सेना के महत्व को उजागर किया है। उभरती हुई चुनौतियों के लिए तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता जरूरी है। साथ ही दुनिया में हो रहे बदलावों, तनावपूर्ण वैश्विक व्यवस्था, क्षेत्रीय अस्थिरता और उभरते हुए सुरक्षा परिदृश्य के बीच देश के सुरक्षा सिस्टम पर पड़ने वाले प्रभाव का लगातार आकलन करने की आवश्यकता पर भी रक्षा मंत्री ने बल दिया।

### आत्मनिर्भरता की चाबी सामरिक स्वायत्तता

रक्षामंत्री ने कहा कि सामरिक स्वायत्ता आत्मनिर्भरता की चाबी है, जिससे आर्थिक विकास को गति मिलती है और रोजगार सृजन के साथ ही क्षमता बढ़ती है। वर्तमान युग की लड़ाइयां अचानक के साथ ही अप्रत्याशित भी हैं। जिसकी वजह इनकी समय-सीमा का पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है। हो सकता है कि लड़ाई दो महीने चले या एक साल या फिर पांच साल तक की भी इनकी अवधि हो सकती है। ऐसे में हमें तैयार रहना पड़ेगा। साथ ही तेज प्रदर्शन के साथ ही हमारी क्षमता भी पर्याप्त होनी चाहिए।

### ऑपरेशन सिंदूर ने दी असल ताकत

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में ताकत, रणनीति और आत्मनिर्भरता तीन स्तंभों के रूप में उभरे और इन्होंने देश को ताकत प्रदान की है। जिसकी उसे 21 वीं शताब्दी में दरकार थी। वर्तमान में हम स्वदेशी प्लेटफार्म की मदद से किसी भी चुनौती का मुकाबला करने की क्षमता रखते हैं। इनकी मदद से हमारे जवानों के साहस में भी कई गुना की वृद्धि होती है। यही आत्मनिर्भरता की असल ताकत हैं। उन्होंने अभियान में सशस्त्र सेनाओं द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन की भी सराहना की। राजनाथ सिंह के मुताबिक, आत्मनिर्भरता को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। ये केंद्र सरकार का केवल एक नारा नहीं है। बल्कि एक आवश्यकता है। जो सामरिक स्वायत्तता के लिए जरूरी है। भारत का रक्षा क्षेत्र आधुनिकीकरण, रणनीतिक तैयारी, तकनीकी बढ़त और विश्वसनीय बचाव या सुरक्षा पर केंद्रित है। जिसे देखते हुए पीएम के मार्गदर्शन में हम जय के मंत्र पर चल रहे हैं। जिसका अर्थ जाइंटनेस, आत्मनिर्भरता और इनोवेशन है। उन्होंने रक्षा खरीद नियमावली-25 को दी गई मंजूरी का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य खरीद प्रक्रिया को सरल बनाना है।

### सुदर्शन चक्र के लिए बने ऐसी योजना

*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र रक्षात्मक और आक्रामक क्षमताओं का मिश्रण प्रस्तुत करता है। जिसे देखते हुए शीर्ष कमांडरों को अतिसक्रिय भूमिका के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुदर्शन चक्र विजन के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बाबत परियोजना से जुड़ी जरूरी जांच-पड़ताल और एक वास्तविक योजना तैयार करने के लिए हालांकि सरकार की तरफ से एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन कर दिया गया है। जिसमें मेरा सुझाव यह है कि अगले पांच वर्षों के लिए एक पंचवर्षीय योजना के तहत मध्यम अवधि की योजना और दीर्घावधि में दस वर्षीय योजना के साथ विजन को धरातल पर अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए।*


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 6 नंदेलीभाटा - सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 175436 निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि. / ई-प्रोक्युरमेंट / 2025-26, दि. 15-09-2025 निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 03-10-2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :- कार्य का नाम - सक्ती जिले के हसदेव बांयी तट नहर के कि.मी. 48.00 से 49.77 कि.मी. तक नहर बैंक, सी.सी. लाईनिंग टो-वाल का निर्माण एवं पक्के कार्यों का मरम्मत कार्य ।

अनुमानित लागत - रू. 287.49 Lakhs
( विभाग के एस. ओ. आर. दिनांक 01.08.2014 एवं पुनरीक्षित दर दिनांक 22.08.2022 पर आधारित) अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22-09-2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगों नहर संभाग क. 6, नंदेलीभांठा-सक्ती

G- 252603534/4

रायपुर
रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष : 24, अंक : 62
पृष्ठ : 16+4+4 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.2
न्यून. 24.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

विश्वकर्मा पूजा की मंगलकामनाएं


# हिमाचल -उत्तराखंड में भारी बारिश, 15 की मौत, छग में बांगो के खुले गेट

पूर्वी और पछुआ हवाओं के बीच टकराव से मची तबाही, छग में आज भी होगी बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देहरादून/रायपुर

मॉनसूनी बारिश के कारण उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में जबरदस्त तबाही देखने को मिल रही है। उत्तराखंड में आपदा के कारण 15 लोगों की मौत हो चुकी है। देहरादून में अलग-अलग जगहों पर आई आपदा के कारण अब तक 13 लोगों के मौत हो गई है। इधर, कोरबा के बांगो बांध के तीन गेट खोले गए। 15 से ज्यादा लोग लापता हैं और कई घायल हुए हैं। आईएमडी के अनुसार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में रात भर हुई भारी बारिश, शुष्क पछुआ हवाओं और नमी से भरी पूर्वी हवाओं के बीच 'तीव्र टकराव' का परिणाम थी। उत्तराखंड ▶▶शेष पेज 4 पर



### तीन गेट से छोड़ा जा रहा बांगो बांध का पानी

*कोरबा। बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में पिछले 24 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। जिसके चलते बांगो बांध का वाटर लेवल एक बार फिर से बहुत तेजी से बढ़ने लगा था। बांध का वाटर लेवल मैनेज नहीं होने पर मंगलवार की सुबह बांगो बांध के तीन गेट फिर खोल दिए गए।*

### बाइक सहित बहा युवक तैरकर निकला



**धमतरी/मगरलोड।** धमतरी जिले के नगरी ब्लाक में सिंगपुर पठार के पास बने रपटे में एक युवक बाइक सहित बह गया। युवक तैरकर निकल गया। व्यक्ति का बहते हुए वीडियो कैमरे में हुआ है।




## भाजपा को मिला मौका कहा- सुन लें राहुल गांधी..

# 'दुश्मन' ने कबूला, भारत-पाक जंग में मोदी ने ठुकराई थी ट्रंप की मध्यस्थता!

*पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे की पोल खोल दी। डार ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान उनसे कहा था कि भारत ने युद्ध विराम के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इंकार कर दिया, क्योंकि यह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय मुद्दा है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कैमरे के सामने स्वीकार किया है कि भारत ने अमेरिकी मध्यस्थता के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हालांकि, ट्रंप लगातार दावा करते हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम की मध्यस्थता की थी।

■ पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा था, तीसरे पक्ष का नहीं था कोई दखल

एक साक्षात्कार के दौरान डार ने कहा कि जब उन्होंने रुबियो से सैन्य संघर्ष के दौरान भारत के साथ तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के बारे में पूछा तो अमेरिकी अधिकारी ने उन्हें बताया कि नई दिल्ली ने इससे ▶▶शेष पेज 4 पर

### अमेरिका को भारत ने कर दिया था मना

इशाक डार ने आगे कहा, जब 10 मई को सुबह करीब 8:00 - 8:17 बजे सेक्रेटरी रुबियो के जरिए संघर्ष विराम का प्रस्ताव मेरे पास आया, तो मुझे बताया गया कि बहुत जल्द ही भारत और न्यूयार्क के बीच एक स्वतंत्र स्थान पर बातचीत होगी। जब 25 जुलाई को वाशिंगटन में सेक्रेटरी रुबियो के साथ हमारी द्विपक्षीय बैठक हुई, तो मैंने उनसे पूछा कि बातचीत का क्या हुआ।



### रूबियो ने बताया भारत का पक्ष

डार ने इसी इंटरव्यू में कहा है, 'हमें 10 मई को मार्को रुबियो से युद्धविराम का प्रस्ताव मिला था और हमने उसे स्वीकार कर लिया। रुबियो ने यह भी कहा कि जल्द ही आप दोनों किसी तटस्थ स्थान पर बातचीत करेंगे। मैंने 25 जुलाई को रुबियो से पूछा था कि बातचीत कब और कहां है तो इस पर रुबियो ने कहा था कि भारत कोई मध्यस्थता नहीं चाहता. उसका कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मामला है, तो यह वर्तमान में बातचीत की स्थिति पर है।

### भाजपा बोली
### राहुल ध्यान से सुनिए झूठ फैलाना बंद करो

इधर, भाजपा नेता अमित मालवीय ने इशाक डार का बयान शेयर करते हुए लिखा कि भारत-पाकिस्तान सीजफायर में कोई तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। उन्होंने लिखा- राहुल गांधी, ध्यान से सुनिए पाकिस्तान के अपने विदेश मंत्री इशाक डार ने अल-जजीरा से कहा कि भारत ने किसी भी तीसरे पक्ष की युद्ध विराम मध्यस्थता को अस्वीकार कर दिया है।

### जैश कमांडर ने ही मंच से कबूला
### ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया मसूद का परिवार

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की स्ट्राइक में जैश के आतंकी मसूद अजहर का परिवार टुकड़ों में बंट गया था। 5 महीने बाद अजहर के करीबी मसूद इलियास कश्मीरी ने यह खुलासा किया है। इलियास का कहना है कि 7 मई की रात को मसूद परिवार के लोग बहावलपुर में सो रहे थे। स्ट्राइक में परिवार टुकड़ों में बिखर गया। इलियास कश्मीरी ने पाकिस्तान में एक रैली के दौरान ये बातें कहीं। इलियास कश्मीरी जैश के उपदेश विंग का प्रमुख है और उसे मसूद अजहर का करीबी माना जाता है।

### महिला कांस्टेबल की हत्या

## ड्यूटी में होती थी लेट... शक की वजह से पति ने डंडे से मार डाला

***मृतका की बेटी ने अपने पिता के लिए मांगी फांसी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी




सीधी में एक हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां अवैध संबंधों के शक में कमर्जी थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल की उसके पति ने बेरहमी से पीटते हुए हत्या कर दी। घटना के बाद पति मौके से फरार हो गया।

मृतका की बेटी ने अपने पिता के लिए फांसी की मांग करते हुए कहा कि वह भी मम्मी की तरह तड़प कर मरें। यह पूरी घटना सोमवार की रात की है, जहां सीधी के कोतवाली थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन कॉलोनी के जी 7 ब्लॉक में वीरेंद्र साकेत ने अपनी पत्नी सविता साकेत की लकड़ी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हेड कांस्टेबल सविता पर उसका पति शक करता था। 40 साल की सविता साकेत कमर्जी थाने में तैनात थीं। पति जलसंसाधन विभाग में ड्राइवर था। महिला के दो बच्चे हैं, 22 साल का बेटा और 20 साल की बेटी। बेटा इंदौर में पढ़ाई करता है और बेटी घटना के समय अपने ननिहाल में थी। घटना को लेकर बेटी आंचल ने बताया कि मम्मी पापा का विवाद बीते 4 साल से चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### केरल सचिवालय में बम होने की धमकी



**तिरुवनंतपुरम।** केरल सचिवालय में बम होने की मंगलवार सुबह धमकी मिलने के बाद पुलिस, बम निरोधक इकाई और श्वान दस्ते ने पूरे परिसर की जांच की, लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। जांच के बाद धमकी फर्जी पाई गई। यह धमकी सुबह राज्य प्रोटोकॉल अधिकारी के ईमेल आईडी पर प्राप्त हुई थी।

### 14 लाख की दिनदहाड़े डकैती, गिरोह का पर्दाफाश



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आनंद विहार में एक पान मसाला व्यापारी के गोदाम में पिछले महीने दिनदहाड़े 14 लाख रुपए की हथियारबंद डकैती वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो देसी पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल, 17 कारतूस और अपराध में प्रयुक्त एक कार जब्त की गई है।

### ट्रंप टैरिफ पर हुई चर्चा

## भारत-अमेरिका में ट्रेड डील पर चला 7 घंटे तक मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ को लेकर भारत और अमेरिका के बीच चल रही बैठक खत्म हो गई है। दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच लगभग 7 घंटे तक बैठक चली है। इस बैठक में यूएस की ओर से चीफ नेगोशिएटर ब्रेंडन लिंच तो भारत की ओर से एडिशनल सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल शामिल थी। रिपोर्ट्स के अनुसार आज की बैठक आधिकारिक राउंड का हिस्सा नहीं थी। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर लगातार पॉजिटिव डेवलपमेंट देखने को मिल रहा है।

### टैरिफ के बाद पहली बार बैठक

भारत और अमेरिका एक अंतराल के बाद व्यापार वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए बातचीत की मेज पर वापस आ गए हैं। ट्रंप द्वारा 27 अगस्त से अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है।

### कानूनों पर रोक के लिए याचिका

## धर्मांतरण कानून पर छत्तीसगढ़ समेत नौ राज्यों से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कई राज्यों को उनके धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। छत्तीसगढ़ समेत नौज राज्यों को नोटिस जारी करते हुए, प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट किया कि जवाब आने के बाद वह ऐसे कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के अनुरोध पर विचार करेगी। इसके बाद, पीठ ने ▶▶शेष पेज 4 पर

### अंतरधार्मिक विवाह पर जमानत मिलना मुश्किल

इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने इस मामले की तात्कालिकता पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि जो कोई भी अंतरधार्मिक विवाह करेगा, उसे जमानत मिलना असंभव हो जाएगा।

## अफसर के घर में मिले डेढ़ करोड़ के जेवरात, 92 लाख नकद

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम की सिविल सेवा अधिकारी नूपुर बोरा को आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में अरेस्ट किया गया है। उसके आवासों पर छापेमारी में 92.50 लाख रुपए से अधिक नकदी और लगभग 1.5 करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण बरामद हुए। गिरफ्तारी के समय बोरा कामरूप जिले के गोराईमारी में सर्किल



ऑफिसर के पद पर तैनात थी। मुख्यमंत्री विशेष सतर्कता टीम ने सोमवार को बोरा के आवास से करोड़ों की अवैध संपत्ति जब्त की।

### क्या है आरोप

*बोरा पर आरोप है कि उन्होंने बारपेटा जिले में तैनाती के दौरान हिंदू परिवारों की जमीन गैरकानूनी तरीके से कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को दिलवाई।*

### वृक्षारोपण के साथ, रक्तदान और शहीद परिवारों का होगा सम्मान

# गोल्फ महोत्सव आज से, जुटेंगे देशभर के दिग्गज, एक्टर रणदीप हुड्डा भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


खास खबर

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से बुधवार से होटल मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्स में गोल्स महोत्सव शुरू होने जा रहा है, जो 12 जनवरी तक चलेगा। महोत्सव में गोल्फ से जुड़े देश के विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे।

मैदान में दर्शकों को गोल्फ का रोमांच करीब से देखने को मिलेगा। बता दें कि ▶▶शेष पेज 4 पर

### सुबह 7 बजे से शुरू होंगे कार्यक्रम

गोल्फ महोत्सव की शुरुआत सुबह 7 बजे से हो जाएगी। इस कार्यक्रम का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा कारगिल, 1965 और 1971 के युद्ध में देश की रक्षा करने वाले छत्तीसगढ़ के 43 वीर शहीद ▶▶शेष पेज 4 पर




### खेल और सेहत से जुड़े होंगे कार्यक्रम

गोल्फ महोत्सव केवल खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सेहत और सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा होगा। महोत्सव की शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से होगी और समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद ▶▶शेष पेज 4 पर

### खेल का नजदीक से उठा सकेंगे आनंद

गोल्फ महोत्सव में दिग्गज खिलाड़ियों के हर शॉट का रोमांच दर्शकों को रोमांचित करेगा। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों के साथ-साथ गोल्फ प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा ▶▶शेष पेज 4 पर



## चिंतन

# अब साफ हो गया कि भारत पाक युद्ध विराम में ट्रंप नहीं

भारत शुरू से ही कह रहा है कि भारत-पाक जंग रुकवाने के लिए पाक ने अनुरोध किया था। इसके लिए पाकिस्तानी डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को सीधे फोन करके युद्ध रोकने की गुहार लगाई थी। पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स ने बातचीत की पहल की, जिसके बाद चर्चा हुई और सीजफायर पर सहमति बनी। किसी अन्य मुद्दे पर या किसी अन्य स्थान पर बातचीत का कोई निर्णय नहीं लिया गया है और न ही कोई तीसरा इस बातचीत में शामिल था, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक के बाद एक 12 बार ये दावा कर दिया कि भारत-पाक के बीच जंग उन्होंने रुकवाई है। यहां तक कि इन दावों के बीच पाकिस्तान ने भी ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार देने का प्रस्ताव रख दिया। अब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने के डोनाल्ड ट्रम्प के दावे को खारिज कर दिया है। अलजजीरा को दिए इंटरव्यू में उन्होंने पहली बार माना है कि भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। डार ने तो यहां तक कह दिया कि उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से पूछा था कि क्या अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद सुलझा रहा है। इस पर रूबियो ने कहा कि भारत का साफ मानना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। मतलब साफ है कि भारत-पाक के बीच अमेरिका कहीं नहीं था। अमेरिका ने यह भी कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ जगह पर हो सकती है। लेकिन 25 जुलाई को वॉशिंगटन में रूबियो के साथ हुई अगली बैठक में उन्हें बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। मतलब साफ है कि भारत-पाक के साथ बातचीत में पहले से ही तय अपने सिद्धांत पर अटल है। कश्मीर अथवा पाक के मामले में तीसरा पक्ष मंजूर नहीं हो सकता है। भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुतिन से कहा था कि अब युद्ध का दौर नहीं रहा। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत-पाक के बीच मध्यस्थ बनने की लिप्सा केवल और केवल अपने मुंह मिट्ठू होने जैसी थी। वो किसी तटस्थ जगह पर कश्मीर समेत तमाम मसलों पर भारत-पाक के बीच बातचीत के दावे करते रहे, जबकि भारत दो टूक इनकार कर चुका था। वैसे भी ट्रंप की कश्मीर के मामले में मध्यस्थ बनने की ये इच्छा शिमला समझौते के उलट है, जिसमें कहा गया है कि दोनों देश पीओके के मसले को आपस में बैठकर सुलझायेंगे। भारत की स्पष्ट नीति रही है कि उसे कश्मीर के मामले में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता मंजूर नहीं। पाकिस्तान की हमेशा ये कोशिश रही है कि कश्मीर के मसले को किसी भी तरह से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाए और किसी तीसरे देश को मध्यस्त बनाया जाए ताकि दुनिया में इसकी चर्चा हो। बड़बोले अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान की इच्छा के अनुरूप ही कश्मीर व अन्य मसलों पर बयानबाजी करते रहे। भारत सरकार को भी इस बारे में अपना रुख सख्ती के साथ स्पष्ट करना चाहिए कि उसे कश्मीर के मामले में किसी तीसरे देश की चौधराहट की जरूरत नहीं है। इस मसले को सुलझाने में भारत खुद सक्षम है ताकि डोनाल्ड ट्रंप के बेतुके बयानों पर किसी तरह से लगाम लगाई जा सके। आतंकवादियों के पनाहगार पाकिस्तान पर विश्वास नहीं किया जा सकता। पाक का इतिहास दगाबाजी का रहा है। इसलिए युद्धविराम के बाद भी भारतीय सेनाओं को सतर्क रहने की जरूरत है।

## विशेष

रामविचार नेताम



# देश में जनजातीय समाज को मिला सम्मान और नई पहचान

भारत की मिट्टी में सदियों से ऐसे तपस्वी जन्म लेते आए हैं, जिन्होंने अपना जीवन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि जनसेवा के लिए जिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हीं में से एक हैं। उनके 75 वर्ष केवल समय की गिनती नहीं, बल्कि एक ऐसी साधना का इतिहास हैं जिसने वंचितों को आवाज़ दी, उपेक्षितों को सम्मान दिया और जनजातीय समाज को आत्मविश्वास की नई पहचान दी। जो समाज कभी हाशिये पर था, जो अपनी संस्कृति और संघर्ष के बावजूद भुला दिया गया था, आज वही समाज विकास की मुख्यधारा में गर्व से खड़ा है। यह परिवर्तन केवल योजनाओं का नतीजा नहीं, बल्कि उस सोच का प्रमाण है जिसमें हर नागरिक को भारत की आत्मा माना गया है। मोदी जी ने बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर यह साफ कर दिया कि राष्ट्र का इतिहास आदिवासी नायकों के बलिदान के बिना अधूरा है। यही भावना तब चरम पर पहुंची जब आदिवासी समाज की बेटी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान हुईं। वह क्षण केवल एक शपथ नहीं था, बल्कि पूरे आदिवासी समाज के आत्मसम्मान का पुनर्जन्म था।

मोदी जी की दृष्टि ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में भी नई धारा बहाई। जंगलों और पहाड़ियों में निवास करने वाले बच्चों के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय किसी दीपक की तरह जले, जहाँ से अब हजारों सपने उड़ान भर रहे हैं। वहीं आयुष्मान भारत योजना ने उन परिवारों को जीवनदान दिया जिनके लिए बीमारी कभी असहायता का प्रतीक था। आज दूरस्थ गांवों के लोगों में भी यह विश्वास है कि बीमारी आएगी तो इलाज भी मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में भी नई सुबह हुई। वन धन योजना ने जंगल से जुड़ी उपज को आजीविका से जोड़ा और आत्मनिर्भरता का रास्ता खोला। बांस, लाख और जड़ी-बूटियां अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि उद्यम और सम्मानजनक आय का आधार बन चुकी हैं। मोदी जी ने यह दिखाया कि जंगल केवल जीने का साधन नहीं, बल्कि सपनों को पूरा करने की शक्ति भी है।

प्रधानमंत्री मोदी जी यहीं नहीं रुके, बल्कि कई योजनाओं के माध्यम से जनजातीय जीवन में नई ऊर्जा फूंकी। प्रधानमंत्री जनमन योजना ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास को गति दी। धरती आबा योजना ने बिरसा मुंडा की आत्मा को जीवित रखते हुए युवाओं को कौशल और रोज़गार दिया। आदि कर्मयोगी योजना ने युवाओं को जनजातियों को मुख्यधारा में लाने संवेदनशीलता के साथ उनके कंधे पे कंधे मिलाकर विकास की राह अग्रसर हो रहे हैं। अब आदिवासी युवा केवल लाभ लेने वाले नहीं, बल्कि बदलाव के वाहक बन चुके हैं। मोदी जी का 75 वर्षों का जीवन हमें यह सिखाता है कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। यह यात्रा केवल एक नेता की कहानी नहीं, बल्कि करोड़ों दिलों की प्रेरणा है। यह बताती है कि यदि नियत स्पष्ट व पवित्र हो और संकल्प अडिग हो तो समाज का कोई भी वर्ग अंधकार में नहीं रह सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूर दृष्टि सोच का परिणाम है कि आज जनजातीय समाज का उत्थान इस साधना का सबसे बड़ा साक्ष्य है।

आज जब हम मोदी जी की 75 वर्ष की जीवन-यात्रा पर दृष्टि डालते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं दिखती, बल्कि पूरे राष्ट्र के जागरण का उत्सव प्रतीत होती है। यह वह क्षण है जब हर भारतीय यह अनुभव करता है कि सेवा से ही सम्मान मिलता है और सम्मान से ही सशक्तिकरण की राह निकलती है। मोदी जी की यह साधना हमें विश्वास दिलाती है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है, क्योंकि उसकी जड़ें, उसकी मिट्टी आदि से जुड़े हैं। यही 75 वर्षों का संदेश है कि सेवा से सम्मान से नई ईबादत लिखी जा सकती है। यही है उस जीवन यात्रा का सार हैं जो आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

*-लेखक छत्तीसगढ़ शासन में वरिष्ठ मंत्री*

# नरेन्द्र मोदी : सेवा प्रथम भाव से ओतप्रोत नेतृत्व



**जन्मदिन विशेष**

शिवप्रकाश

अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय तनावों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण नेतृत्व में भारत की विकास गाथा को देख पूरी दुनिया के रणनीतिकार न केवल आश्चर्यचकित हैं बल्कि आशावान भी है कि भविष्य में वैश्विक संकटों का समाधान भी भारत भूमि से ही प्रकट होगा। शांतिकाल, युद्ध काल या आपदाकाल में समभाव बनाए रखते हुए जिस प्रकार से अब तक प्रधानमंत्री मोदी ने सटीक तथा लक्षित रणनीति के साथ समाधान प्रस्तुत किये हैं, उसने वैश्विक स्तर पर भरोसा और दृढ़ किया है।

नरेन्द्र मोदी के जीवन की कहानी संघर्ष और समर्पण की एक प्रेरणादायक गाथा है। वह एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व और विराट व्यक्तित्व से भारत को एक नई दिशा प्रदान की है। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसमर्थन ने उन्हें एक प्रभावशाली नेता बनाया है। वह एक मजबूत नेता हैं जो अपने निर्णयों पर अडिग रहते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता ने उन्हें भारत और विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बनाया है। प्रधान मंत्री एक दूरदर्शी नेता हैं जो भारत के भविष्य को लेकर आशान्वित हैं। मेक इन इंडिया जैसी अनेक महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की उन्होंने शुरुआत की है। जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में मदद करेंगी। जनता से मिले व्यापक समर्थन,लोकप्रियता और उनके व्यक्तित्व के अद्भुत प्रभाव ने उन्हें एक दृढ़निश्चयी नेता बनाया है जो कठोरतम निर्णयों को भी सहज भाव में लागू करने में सक्षम हैं। नरेन्द्र मोदी का विराट व्यक्तित्व उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसमर्थन का परिणाम है। उन्होंने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया है और उन्हें पार किया है, जो उनकी मजबूत इच्छा शक्ति और संकल्प को दर्शाता है।

नरेन्द्र मोदीजी का आरंभिक जीवन गुजरात के एक छोटे से शहर वडनगर में बीता। पिता दामोदर दास मूलचंद मोदी और माता हीराबेन के परिवार में 17 सितंबर 1950 को उनका जन्म हुआ।उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी और पिता चाय की एक दुकान चलाते थे। अपनी स्कूली शिक्षा वडनगर में पूरी की और बाद में उन्होंने गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ गए और उन्होंने संघ के साथ अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। नरेन्द्र मोदीजी का पूरा जीवन निस्वार्थ सेवा भाव में ही गुजरा है और आज भी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के शीर्ष पद पर विराजमान होने के बावजूद उनका यह भाव जीवंत है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनमानस पर प्रभाव बहुत गहरा और व्यापक है। उनकी लोकप्रियता और राजनीतिक कौशल कई मायनों में अद्वितीय हैं। वह एक प्रभावी वक्ता हैं जो अपने शब्दों से लोगों को प्रभावित करते हैं। वह एक कुशल राजनीतिक रणनीतिकार हैं। जनता के व्यापक समर्थन से प्रधानमंत्री ने भारत में आर्थिक सुधार के लिए कई साहसिक कदम उठाए हैं जिनमें जीएसटी और नोटबंदी प्रमुख है। इन आर्थिक सुधारों ने देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद की है। जनता में उनके समर्थन और उनके प्रति अनुसरण के भाव को स्वच्छ भारत अभियान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों में देखा जा सकता है जिन पर पूरे देश में उन्हें जन समर्थन प्राप्त हुआ है। "मन की बात" में गांव के किसी साधारण श्रमिक की कहानी या कोविड-19 में फ्रंटलाइन वर्कर्स का अभिनंदन कर उन्होंने यह दिखाया कि हर योगदान मायने रखता है। कोविड-19 महामारी के कठिन समय में नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने केवल प्रशासनिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि भारतीय मन की गहराई को समझते हुए जनता का मनोबल बनाए रखा। जब भय और असुरक्षा का वातावरण था, तब उन्होंने सरल प्रतीकों और सांस्कृतिक जुड़ावों के माध्यम से लोगों में सामूहिक ऊर्जा जगाई। थाली और ताली बजाने का आह्वान इस बात का उदाहरण था कि उन्होंने भारतीय समाज की उस प्रवृत्ति को पहचाना जहाँ किसी उत्सव या चुनौती में ध्वनि और प्रतीकात्मक कर्मकांड से एकता और संकल्प का संदेश मिलता है। यह ठीक वैसा ही था जैसा महात्मा गांधी ने चरखे को स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक बनाया था-साधारण कर्म से गहरा संदेश।"वोकल फॉर लोकल" जैसी पहल, हस्तशिल्प को वैश्विक मंच पर ले जाना और राज्य स्तरीय अनेक पहल को केंद्र की योजनाओं से जोड़ना इस सोच का उदाहरण हैं।



विश्व में वह एक मजबूत नेता के तौर पर उभरे हैं। राष्ट्र के हितों को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने जिस तरह के अमेरिकी टैरिफ मसले पर रणनीति अपनाई है उसने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि भारत राष्ट्र हितों पर किसी के आगे झुकने को तैयार नहीं है। विभिन्न देशों के बीच सामंजस्य बनाने का प्रधानमंत्री के पास एक अद्वितीय कौशल है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा था कि उन्हें लगता है कि मोदी 24 घंटे देश के लिए काम करते हैं। यह कथन उनकी असाधारण कार्यक्षमता और समर्पण को दर्शाता है। उनकी विदेश नीति और कूटनीतिक प्रयासों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका दिलाई है। उन्होंने ग्लोबल साउथ के देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और जी- 20 जैसे वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने आर्थिक कूटनीति पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे देश के व्यापार और निवेश में वृद्धि हुई है। उन्होंने सांस्कृतिक कूटनीति का उपयोग करके विभिन्न देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने का प्रयास किया है। इसके अंतर्गत योग और आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया गया है।

उम्र के सातवें दशक में होने के बावजूद वह टेक्नोलॉजी के मामले में आज के युवा की बराबरी करते हैं। नवाचारों पर उनका भरोसा है और उसे प्रोत्साहित करते हैं। यही वजह है कि एक दशक के उनके कार्यकाल में भारत विश्व में सबसे अधिक स्टार्ट अप्स वाला देश बन गया है। संभवतः वह विश्व के एकमात्र नेता हैं जो सीधे जनता से संवाद करने में विश्वास रखते हैं। आकाशवाणी पर उनके मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' और विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' इसका सफल उदाहरण हैं। इन दोनों कार्यक्रमों का जनमानस पर व्यापक स्तर पर प्रभाव पड़ा है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए 'खेलो इंडिया' और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 'ड्रोन दीदी' जैसी पहल जमीनी स्तर पर बदलाव लाने की इच्छा को दर्शाती हैं। इसके अतिरिक्त, 'नमो ऐप' के माध्यम से जनता को सीधे प्रधानमंत्री से जोड़ने और भारतीय डायस्पोरा को देश के विकास का हिस्सा बनाकर उन्होंने भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक स्तर पर मजबूत किया है।

गोस्वामी तुलसीदास जी रामचरित मानस में राजा जनक के चरित्र का वर्णन करते हुए कहते हैं 'अतुलित धन्य्य सिय राम के जाई। राजसभा बिनु सवद सुहाई।' अर्थात राजा जनक राजा होते हुए भी एक संन्यासी की तरह जीवन जीते थे, और सांसारिक सुख-सुविधाओं की बजाय ज्ञान और वैराग्य को महत्व देते थे।लेक्स फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट में कठोर परिश्रम के सम्बन्ध में प्रश्न पूछने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'संतोष हमेशा देने के भाव की कोख से पैदा होता है।' प्रधानमंत्री मोदी इसी कर्मयोगी भाव के जीते जागते उदाहरण हैं। गुजरात का मुख्यमंत्री होने के समय से ही वह एक अनुशासित और सरल जीवन जीने के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी नरेन्द्र मोदी का जीवन अनुशासित और सरल रहा है। वह नियमित रूप से योग और ध्यान करते हैं और एक स्वस्थ जीवन शैली को अपनाते हैं। वह आध्यात्मिकता में विश्वास करते हैं। वह स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी जैसे आध्यात्मिक नेताओं से प्रेरणा लेते हैं। उनका संन्यासी भाव उनके जीवन और कार्य में देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संस्कृति के अनन्य पुजारी हैं। वह भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं। वह अक्सर अपने भाषणों में भारतीय संस्कृति की महानता का उल्लेख करते हैं। वह कला भी को बढ़ावा देते हैं और कलाकारों और संस्कृति कर्मियों को प्रोत्साहित करते हैं। समय-समय पर वाद्य यंत्रों का वादन जैसे असम का सारिंदा, महाराष्ट्र में बंजारा संस्कृति से जुड़ा ढोल जैसा वाद्य यंत्र नांगरा, आदिवासी कलाकारों के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्र और उत्तराखंड के स्थानीय कलाकारों के साथ एक पारंपरिक वाद्य यंत्र उनकी संगीत के प्रति अभिरुचि को प्रकट करता है।

नरेन्द्र मोदी में एक साहित्यकार एवं कवि होने के करण उनकी संवेदनशीलता प्रकट होती हैं। उन्होंने कई पुस्तकें और कविताएं लिखी हैं जो उनके विचारों और अनुभवों को दर्शाती हैं । 2007 में नरेंद्र मोदी ने अपनी कविता-संग्रह की पुस्तक 'आंख आ धन्य छे' का विमोचन मुंबई में किया। इस अवसर पर उन्होंने शेखावत जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। कार्यक्रम में शेखावत जी ने कहा- "जब मोदी ने मुझे पुस्तक विमोचन के लिए कहा, तो मुझे लगा वे मजाक कर रहे हैं। मैं विश्वास नहीं कर सका कि वे कविता भी लिखते हैं। मुझे खेद है, मोदी जी, मैंने सोचा नहीं था कि आपके भीतर इतना कोमल पक्ष भी है। आज मैं देख रहा हूँ कि आपका व्यक्तित्व कठोरता और कोमलता का अद्भुत संगम है।" ज्योतिपुंज पर परम पूजनीय मोहन भागवत जी का कहना कि " यह पुस्तक नहीं है, अनुभूति है" ज्योतिपथ कविता संग्रह एवं 'सेट ऑफ एक्जाम वारियर्स' परीक्षा सम्बन्धी उनकी पुस्तक सभी के लिए प्रेरनादायी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन राजनीति एवं समाज के लिए कार्य करने वाले सभी के लिए प्रेरणास्पद है । परमेश्वर उनको दीर्घायु प्रदान करे।

*( राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री, भाजपा )*

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित

**दर्शन**

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

# कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा- मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### डीप टेक से सशक्त होता भारत

अभियंता दिवस केवल इंजीनियरों के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि उन असंख्य विचारों, प्रयासों और तकनीकी नवाचारों का उत्सव है, जिन्होंने भारत को आधुनिकता की राह पर अग्रसर किया है। इस वर्ष अभियंता दिवस का विषय है 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता : भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना।' यह विषय विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि भारत आज तकनीकी नवाचार के नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, जैव-इंजीनियरिंग और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में डीप टेक समाधान देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान बन रहे हैं।

*- मनोज साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर


# खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो निगरानी टीम का अपहरण



पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने पोलियो निगरानी टीम के तीन सदस्यों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले यूनियन काउंसिल ऑफ उमरखेल में हुई। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. इहसानुल्लाह उन लोगों में शामिल हैं, जिनका अपहरण किया गया। पुलिस के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से संबद्ध पोलियो निगरानी दल, 15 से 18 सितंबर तक यूनियन ऑफ काउंसिल में चार दिवसीय पोलियो विरोधी अभियान की निगरानी कर रहा था, तभी बंदूकधारियों ने उन्हें रोक लिया और अगवा कर लिया। पुलिस टीमों ने तुरंत इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के अनुसार, सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो के दो नए मामले सामने आए, जिससे इस वर्ष देश में पोलियो के कुल मामलों की संख्या 26 हो गई। अधिकारियों के अनुसार, टैंक जिले में 124 माता-पिता अब भी अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने से इनकार कर रहे हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ, दुनिया के उन आखिरी दो देशों में शामिल है जहां पोलियो के मामले अब भी सामने आ रहे हैं।

## ऑफ बीट

# ज्वालामुखी की राख से मानव का विकास समझने में मदद



मनुष्य कैसे मानव बने? यह समझना कि हमारे पूर्वज कब, कहाँ और किन पर्यावरणीय परिस्थितियों में रहते थे, मानव विकास की पहेली को सुलझाने का आधार है। दुर्भाग्य से, प्रारंभिक मानव विकास की समयरेखा को निर्धारित करना लंबे समय से कठिन रहा है - लेकिन पूर्वी अफ्रीका में प्राचीन ज्वालामुखी विस्फोट इसकी कुंजी हो सकते हैं। 'प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, केन्या के तुर्काना बेसिन में ज्वालामुखी राख की परतों के बारे में हमारी जानकारी को और पुष्ट करता है। इस स्थान पर कई प्रारंभिक मानव जीवाश्म मिले हैं। इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने केन्या के तुर्काना बेसिन की नारिओकोटोमे टफ्स नामक राख की तीन परतों का उच्च-परिशुद्धता से विश्लेषण किया है। यह क्षेत्र मानव विकास संबंधी अनुसंधानों के लिए विश्व के सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक माना जाता है। हमने उच्च-सटीक आयु अनुमान प्रदान किए हैं, जो मानव विकास की एक अधिक परिष्कृत समय-सीमा स्थापित करने की दिशा में एक छोटा सा कदम है। लाखों वर्षों के ज्वालामुखी विस्फोट कई खुलासे कर सकते हैं। पूर्वी अफ्रीका में ग्रेट रिफ्ट वैली कई विश्व-प्रसिद्ध जीवाश्म स्थलों का घर है।

## ट्रेंड

### ज़िंदगी की दिशा



राजनीति में कभी-कभी एक मार्गदर्शक वाक्य पूरी ज़िंदगी की दिशा बदल देता है। जब मैं हिमाचल प्रदेश में विपक्ष का नेता था, नरेंद्र मोदी ने मुझसे पूछा कि मैं सदन में मुद्दे कहाँ से लाता हूँ। मैंने बताया कि अख़बार पढ़कर हम सवाल तैयार करते हैं।

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री**

### जनहानि अत्यंत दुःखद



देहरादून में टोंस नदी में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। इस घटना में काल-कवलित हुए उत्तर प्रदेश निवासियों के परिजनों को 02-02 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### वैशाली को बधाई



वैशाली रमेशबाबू को एफआईडीई महिला ग्रैंड स्विस 2025 जीतने पर बधाई! लगातार दूसरी बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीतना और महिला कैंडिडेट्स 2026 में जगह बनाना, भारतीय शतरंज के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

**- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### देश जानना चाहता है



दबाव में आकर असम कांग्रेस के सांसद ने खुद स्वीकार किया है कि वे पाकिस्तान गए थे। लेकिन अब देश जानना चाहता है -वे किसके बुलावे पर गए? वहाँ क्या-क्या देखा? और वहाँ किसका नमक खाया?

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय
श्री नरेन्द्र मोदी जी
को जन्मदिन की शुभकामनाएं
देश के गरीब और वंचित
जनसमुदाय की सेवा के लिए जिसने
अपना समस्त जीवन समर्पण किया
ऐसे हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन
सेवा दिवस के रूप में समर्पित....
आईये ! प्रण ले
एक सेवा कार्य करने का...
मान. श्री किरण देव सिंह जी
(प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़) को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
आपका सेवक : प्रीतेश गांधी
छत्तीसगढ़
ATUL PUBLICITY
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के (मन की बात) प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को अवश्य श्रवण करें.

## जैकेट के शेष

### अंकसूची सुधारने में ....

गया है, जिनमें अंकसूची सुधार की अनुमति होगी। इसमें पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्गणना के बाद अंकवृद्धि, रोके गए परीक्षा परिणाम जारी करने, आंतरिक मूल्यांकन अथवा प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की गलत प्रविष्टि सहित कई बिंदु शामिल हैं। अंकसूची सुधार की प्रक्रिया में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। पूर्ववत ही छात्रों को अपनी अंकसूची सरेंडर करनी होगी, इसके बाद ही छात्रों को संशोधित अंकसूची प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त विवि ने स्पष्ट किया है कि यदि छात्र अंकसूची जारी होने के 120 दिनों के भीतर सुधार के लिए आवेदन करते हैं, तो यह निशुल्क होगा। इसके बाद 500 रुपए का भुगतान करना होगा।

### सर्वाधिक आवेदन डिग्री ....

भी छात्रों ने विरोध दर्ज कराया था। रविवि के नए प्रावधान के मुताबिक, पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना से असंतुष्ट छात्र चुनौती मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 2500 रुपए चुकाने होंगे तो परीक्षा शुल्क से भी अधिक है।

### ऑनलाइन दर्ज होगा ....

सुधार होगा, उसके सम्मुख रिवाइज्ड का टैग लगाया जाएगा। इस व्यवस्था से विवि के पास उन छात्रों का रिकॉर्ड होगा, जिन्होंने अपनी अंकसूची में सुधार कराया है।

### घूस लेते एनटीपीसी ....

मौखिक बंटवारा के आधार पर वह तथा उसके अन्य दो पुत्र अलग-अलग हिस्से में निवासरत हैं। मकान वाली जमीन का एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहण किए जाने पर उन्हें जमीन और मकान की मुआवजा राशि मिल चुकी है, लेकिन पुनर्वास के लिए उसके पुत्रों को करीब 30 लाख रुपए और मिलना था। जिसमें से 14 लाख रुपए उनके पुत्रों को मिल चुकी है तथा शेष 16 लाख रुपए भुगतान कराने के एवज में एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक विजय दुबे द्वारा 5 लाख रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है, जिसमें से 50 हजार रुपए अग्रिम के रूप में ले लिया गया है।

### ट्रेप से पकड़ा ....

आरोपी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### नक्सलियों का बड़ा ...

जनवरी 2024 से नक्सल उन्मूलन के लिए सैनिक हमलों को और तेज किए हैं।

### कई बार लगा चुके ....

अनुरूप शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए हम यह निर्णय लिया और उस पर इस प्रेस बयान को जारी कर रहे हैं। हमारी पार्टी के महासचिव के पहल कदमी पर शुरू हुए शांति वार्ता के प्रक्रिया को आगे ले जाने के तहत हम यह स्पष्ट कर रहे हैं कि बदले हुए विश्व एवं देश के परिस्थितियों के अलावा लगातार देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तक हम हथियार छोडकर, मुख्य धारा में शामिल होने के लिए किए जा रहे अनुरोध के मद्देनजर हम हथियार छोड़ने का निर्णय लिए हैं। हथियारबंद संघर्ष पर अस्थायी रूप से विराम का निर्णय लिए हैं। हम यह स्पष्ट कर रहे हैं कि भविष्य में, हम जन समस्याओं पर तमाम राजनीतिक पार्टियां एवं संघर्षरत संस्थाओं से जहां तक संभव हो कंधे से कंधा मिलाकर करेंगे।

### जारी किया ....

कहा कि सरकार से हमारा यह अनुरोध है कि आप अपने निर्णय को इंटरनेट से दूर रहने बाले हमारी पार्टी के तमाम कैड़रों तक पहुंचाने के लिए आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के माध्यम से जरूर प्रसार करवाइये। जारी ईमेल **nampet** (2025)**@gmail.com** है।

### फेंसिंग तार का ....

घटनास्थल से सभी मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए अंबागढ़ चौकी मुख्यालय लाया गया। आज देर शाम तक गांव में आदिवासी परिवार के तीन सदस्यों का एक साथ दर्द के बीच अंतिम संस्कार किया गया है। पाटनखास थाना प्रभारी गणेश यादव ने बताया कि बीती रात को पागरी गांव में निवासरत गोंड आदिवासी बोगा परिवार का गांव से 1 किलोमीटर दूर कोठार बाड़ी है, जहां वे लोग मुर्गा-मुर्गी का भी पालन कच्चे मकान में करते हैं। उक्त झोपड़ी के भीतर चारों तरफ से तार का फेंसिंग किया हुआ है। उस तार में घर का मुखिया सुरतराम बोगा 62 वर्ष सोमवार शाम 6 से 7 बजे के बीच बिजली करंट में चिपक गया। जिसके बाद पुत्र रूपलाल बोगा 27 वर्ष अपने पिता को बचाने बिजली प्रवाह के आगोश में आ गया। पुत्र व पति के घर वापस नहीं लौटने के बाद माता भगवतीबाई 58 साल वहां पहुंची और बिजली प्रवाह शरीर को पकड़ लेने से वह भी चिपक गई।

**की जा रही मामले की जांच** : मर्ग कायम कर हर पहलू पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

- **गणेश यादव**, थाना प्रभारी, पाटन

### मुर्गा-मुर्गी को बचाने ....

फेंसिंग तार लगाया गया है। उसी तार में विद्युत प्रवाह हो रहा था। विद्युत विभाग ने आशंका व्यक्त किया है कि मृत परिवार द्वारा सुरक्षा की दृष्टिकोण से झटका तार के बजाय अपने विद्युत कनेक्शन से सीधे तार में बिजली करंट जोड़ दिया गया होगा, इसी के चलते इतना बड़ा हादसा हुआ और एक ही परिवार के तीन-तीन लोगों की करंट में चिपकने से दर्दनाक मौत हो गई।

### दूध हुआ सस्ता, घी-पनीर, .....

ने अपने पैकेज्ड दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर तक की कटौती कर दी है। मदर डेयरी ने अपने 1 लीटर टोंड टेट्रा पैक दूध के दाम को 77 रुपए से घटाकर 75 रुपए कर दिया है। इसके अलावा घी-पनीर समेत अन्य सामानों के भी दाम घटाए हैं।

### ट्रंप ने मोदी ....

ट्रंप, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके कॉल और हार्दिक बधाई के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा, आपकी तरह मैं भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापक एवं वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा, हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आपकी पहल का समर्थन करते हैं। ट्रंप ने मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए फोन किया। यह फोन प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन से एक दिन पहले आया।

### नशे में सिपाही ....

कि राकेश त्रिपाठी ने अपनी बालकनी से खड़ा होकर गंदी गालियां दीं और कहा- तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरे घर के नीचे गाड़ी खड़ी करने की, इसके बाद उन्होंने गाली-गलौज किया। कार का ग्लास तोड़ने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है।

## पेज एक के शेष

### हिमाचल -उत्तराखंड...

की राजधानी देहरादून और उसके आसपास के इलाकों में मंगलवार को बादल फटने और रात भर हुई भारी बारिश से भीषण तबाही मची, जिसमें कई लोग बह गए और 500 से अधिक लोग विभिन्न स्थानों पर फंस गए थे, इसमें 400 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया।

### 'दुश्मन' ने ...

इनकार कर दिया है क्योंकि यह एक द्विपक्षीय मामला है। उन्होंने कहा कि हमें तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत इसे द्विपक्षीय मुद्दा कह रहा है। हमें द्विपक्षीय मध्यस्थता से भी कोई आपत्ति नहीं है। जब मैं 25 जुलाई को वॉशिंगटन में विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मिला तो मैंने उनसे पूछा कि वार्ता का क्या हुआ? इस पर मार्को रुबियो ने कहा कि भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है।

### धर्मांतरण कानून...

राज्यों को जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और याचिकाकर्ताओं को उसके दो सप्ताह बाद प्रत्युत्तर दाखिल करने की अनुमति दी। मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की गई। इस बीच, पीठ ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों के खिलाफ याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह को मौजूदा कानून में उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों द्वारा किये गए 'अधिक कठोर' बदलावों को ध्यान में रखते हुए याचिका में संशोधन करने की अनुमति दे दी। पीठ उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक सहित कई राज्यों द्वारा लागू किए गए धर्मांतरण विरोधी कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने विवाह या अन्य माध्यमों से होने वाले धर्मांतरण के विवादास्पद मुद्दे पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं और अन्य की दलीलें सुनी।

**मप्र द्वारा पारित कानून पर रोक की मांग** : वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने मध्यप्रदेश द्वारा पारित कानून पर अंतरिम रोक जारी रखने का अनुरोध किया। अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने पीठ को बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश और हरियाणा में इसी तरह के कानूनों पर रोक लगाने के लिए हस्तक्षेप अर्जियां दायर की हैं। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कुछ राज्य सरकारों की ओर से दायर अंतरिम राहत याचिका का विरोध किया और कहा, तीन-चार साल बाद, अचानक वे स्थगन याचिका दायर करते हैं। हम अपना जवाब दाखिल करेंगे।

### गोल्फ महोत्सव...

कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा भी शामिल होंगे। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में उनकी सहभागिता रहेगी। महोत्सव में 100 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे, जिन्हें राजधानी में गोल्फ के क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है। खास बात यह है कि पहली बार छत्तीसगढ़ के गांवों के बच्चे भी गोल्फ कोर्स पर उतरकर अपना हुनर आजमाएंगे। ग्रामीण बच्चों को गोल्फ से जोड़ने की यह पहल फेडरेशन की ओर से की गई है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
### द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा अमंत्रण सूचना

क्र.153/न.पा.नि./यो.प्र./2025-26 दिनांक 16/09/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत '' डी '' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 175763 | CONSTRUCTION OF UNDER GROUND SUMPWELL IN RIKANDO, IMLIBHATHA, BEHTARAI NEAR EARTHQUAKE CENTRE IHSDP AWAS. | 16.12 | 03 / 10 / 25 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
### National Institute of Technology Delhi
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
(An Autonomous Institute under the aegis of Ministry of Education (Shiksha Mantaralaya), Govt. of India)
Plot No. FA7, Zone P1, GT Karnal Road, Delhi - 110 036, INDIA
दूरभाष / Tele : + 9111-33861000, 1001, वेबसाइट : Website: www.nitdelhi.ac.in

अभि.सं. : एनआईटीडी /01/प्रशा./625/2025-26 दिनांक: 16.09.2025

**विज्ञापन संख्या: 14/2025**
**संकाय पदों की भर्ती**

एनआईटी दिल्ली के विभिन्न विभागों में विभिन्न वेतन स्तरों पर संकाय पदों पर भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार आरक्षण लागू होगा।

पात्रता मानदंड, विभागवार रिक्तियों, वेतन स्तरों और अन्य प्रासंगिक निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.nitdelhi.ac.in पर उपलब्ध है।

* ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 18.09.2025 से 17.10.2025 तक खुला रहेगा।
* विधिवत भरे और हस्ताक्षरित आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, सभी आवश्यक स्व-सत्यापित सहायक दस्तावेजों के साथ, 31.10.2025 को शाम 5:00 बजे तक) या उससे पहले संस्थान में पहुँच जानी चाहिए।

cbc 21275/12/0002/2526 - सही /- (पंजीयक)

## पूर्व तट रेलवे
### सामग्री की आपूर्ति

निविदा सं. 30255441A, दिनांक : 11.09.2025

कार्य का नाम : RDSO विनिर्देश सं. RDSO/PE/SPEC/AC/0184-2015 (REV 1) एवं RDSO पत्र सं. EL/7.1.108/MSSBE दिनांक 17.09.2021 के अनुसार SN3 के क्लज B के RDSO पत्र सं. ELI 7.1.108/SBC/MAIN, दिनांक 07.01.2022 के अनुसार एरोसोल (AEROSOL) फायर डिटेक्शन एवं सप्रेशन (SUPPRESION) सिस्टम काट्रिज 1 नं. 8/10GM की आपूर्ति एवं स्थापना ऑनबोर्ड पैनेल में एवं 1 नं. 100GM अंडरस्लंग (UNDERSLUNG) पैनेल में तकनीकी मापदंड एवं अनुमोदित मेक। इसे एलेचबी नॉन-एसी कोच के SBC में स्थापित किया जाएगा। इस आइटम की स्थापना के लिए आवश्यक सभी संशोधन, बैक पीस, माउंटिंग सहायक उपकरण आदि आपूर्तिकर्ता के अधिकार क्षेत्र में होंगे। खोरधा रोड मण्डल के लिए 625 संख्यक, वाल्टियर मण्डल के लिए 420 संख्यक, सम्बलपुर मण्डल के लिए 50 संख्यक, CRW MCS के लिए 100 संख्यक, (कुल 1200 संख्यक) (01 संख्यक = 01 कोच सेट)। वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने बाद। निरीक्षण : TPI एजेंसी द्वारा। मात्रा : 1200 सेट।

नोट : अनुबंध जारी होने के बाद 0 दिन के भीतर डिलीवरी शुरु हो जाएगी एवं उसके बाद 2 महीने के भीतर पूरी हो जाएगी। आपूर्ति की दर : आपूर्ति एवं स्थापना दो महीने के भीतर पूरि की जानी है।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.10.2025 को 1500 बजे।

निम्नलिखित निविदाएँ वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, वाल्टियर
PR-601/Q/25-26

## पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. EPC-CECONIIBBS 2025039, दिनांक : 08.09.2025

कार्य का नाम : निर्गुण्डि-बारंग (22 कि.मी.), खोरधा रोड-विजयनगरम (363 कि.मी.) एवं भद्रक-विजयनगरम सेक्शन (385 कि.मी.) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (RFP) : EPC मोड में महत्वपूर्ण ब्रिज नं. 539 (CH. 402521 M में बिरुपा नदी के उपर 16 X 30.5 मीटर ओपन वेब स्टील गर्डर), 544 (CH. 406305 M में महानदी नदी के उपर 32 X 65.84 मीटर ओपन वेब स्टील गर्डर), 553 (CH. 411589 M में काठजोड़ी नदी के उपर 18 X 45.70 मीटर ओपन वेब स्टील गर्डर), 557 (CH. 414607 M में कुआखाई नदी के उपर 20 X 45.70 मीटर ओपन वेब स्टील गर्डर) का निर्माण।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 135539.12 लाख, EMD : ₹ 2,00,00,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 36 (छत्तीस) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.11.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-107/CI/25-26

## न्यायालय तहसीलदार, गीदम
## जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202508160100005/अ-20(5)/2024-25
ग्रामः- गीदम

**विज्ञप्ति**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा हित रखने वाले सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास नवा रायपुर के पत्र क्रमांक / यां.प्र. - 5/2025/4337 अटल नगर, दिनांक 28-05-2025 के द्वारा नगरीय क्षेत्र में नालंदा परिसर निर्माण कार्य हेतु शासकीय भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ जिसके परिप्रेक्ष्य में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् दंतेवाड़ा के पत्र क्रमांक 446 दिनांक 12-06-2025 के द्वारा नालंदा परिसर निर्माण हेतु 1.50 एकड़ भूमि चिन्हांकित करने के लिए निवेदन किया गया था, जिसके पालन में हल्का पटवारी गीदम प.ह.नं. 17 गीदम द्वारा उक्त प्रस्तावित भूमि को ग्राम गीदम, प.ह.न. 17 में स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 342 रकबा 7.6200 हे. में से रकबा 0.60 हे. को नालंदा परिसर निर्माण हेतु चिंहाकिंत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालय में सुनवाई हेतु निहित तिथि दिनांक 29/09/2025 तक सक्षम दावा, आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, बाद समाप्त नियत अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया है।

मुहर तहसीलदार गीदम

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKASPRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

### E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:-

**NIT No.:** 59/SS-EI-L2/EE-E/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 15.09.2025

**Name of Work:** "Supply Installation, Testing and Commissioning of 33/11 KV Electrical Substation & Electrical Infrastructure Development Along With Allied Civil Works at Various Location of Layer -2 of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)." (1st Call)

**Estimated cost:** INR 9.15 Crs., EMD: INR 10.15 Lakhs, Period of Completion: 18 Months

**Last Time & Date of Online Submission:** 15:00hrs on 07.10.2025

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S-45243/2 **Chief Engineer, NRANVP**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### ई-निविदा सूचना

**निविदा संख्या** : 15-CEE-C-SECR-2025, **दिनांक** : 09.09.2025

**कार्य का नाम** : ओवरहेड विद्युत लाइन क्रॉसिंग्स का भूमिगत केबलिंग सिस्टम में रूपांतरण – 33 केवी = 4 संख्या, 11 केवी = 14 संख्या, एलटी लाइन = 15 संख्या, गुडमा – प्रतापबाग खंड (गोंदिया बायपास लाइन), नागपुर मंडल (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे) के अंतर्गत।

**निविदा मूल्य** : रु. 4,13,64,579.4 (रुपये चार करोड़ तेरह लाख चौंसठ हज़ार पाँच सौ उन्यासी और चार पैसे मात्र)। **सुरक्षा राशि**: रु. 3,56,800/-(रुपये तीन लाख छप्पन हज़ार आठ सौ मात्र)। **निविदा बंद होने की तिथि व समय** : 08.10.2025 को 15:30 बजे तक।

**कार्य पूर्ण करने की अवधि** : स्वीकृती पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह।

**वेबसाइट विवरण** : ई-निविदा से संबंधित सभी विवरण, पात्रता मानदंड एवं संपूर्ण जानकारी हेतु वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज़ देखे/डाउनलोड किए जा सकते हैं: http://www.ireps.gov.in

सहा. विद्युत अभियंता (कॉन.), द.पू.म. रेलवे, गोंदिया
AAA/25/120

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## सोसायटी फॉर एक्शन इन कम्युनिटी हेल्थ (SACH)
राज्य स्वास्थ्य प्रशिक्षण भवन,
बुढ़ापारा बिजली आफिस चौक, कालीबाड़ी रायपुर (छ.ग.)
फोनः 07714531246, e-mail: shsrc.cg@sachindia.org, web: www.sachindia.org

### //निविदा आमंत्रण सूचना//

रायपुर कार्यालय में कम्प्यूटर्स-प्रिंटर्स, फोटोकापी कार्य, रेल्वे एवं एयर टिकट बुकिंग, स्टेशनरी सामग्री आपूर्ति, वाहन व्यवस्था एवं छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलो में आवासीय, गैर-आवासीय प्रशिक्षण/बैठकों दौरान भवन, भोजन एवं टेंट व्यवस्था, हॉटल सुविधा, आदि सेवाओं हेतु दिनांक 09 अक्टूबर 2025 संध्या 5.30 तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र - www.sachindia.org वेबसाईट से प्राप्त करें।

रायपुर (छत्तीसगढ़)
वरिष्ठ सलाहकार
सोसायटी फॉर एक्शन इन कम्युनिटी हेल्थ, (SACH)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, धमतरी (छ.ग.)

क्रमांक / आयुक्त / राजस्व / 2025 / नि.सू./ 4850 धमतरी दिनांक 15/09/2025

### दर प्रस्ताव आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा पीपीपी (पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर हटकेशर वार्ड में साहेब रेस्टोरेंट के पास शॉपिंग काम्पलेक्स का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। एतद् द्वारा इच्छुक व्यक्तियों तथा फर्म / एजेन्सियों द्वारा कार्य संपादन हेतु दिनांक 08.10.2025 तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | काम्पलेक्स का नाम | दुकान क्र. | साईज (मीटर में) | आरक्षण | प्रीमियम राशि (सरकारी बोली प्रति दुकान) | अमानत राशि (प्रति दुकान) एफ.डी. आर. द्वारा | मासिक किराया (प्रति दुकान) | लीज अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हटकेशर वार्ड में साहेब रेस्टोरेंट के पास शॉपिंग काम्पलेक्स | 01 | 4x4 | शि. बेरो. | 523728.00 | 123935.00 | 2095.00 | 03 वर्ष |
| | | 02 | 4x4 | महिला | 523728.00 | 123935.00 | 2095.00 | 03 वर्ष |
| | | 03 | 4x3.4 | अपिव | 445169.00 | 111300.00 | 1781.00 | 03 वर्ष |
| | | 04 | 4x4 | अजा | 523728.00 | 123935.00 | 2095.00 | 03 वर्ष |
| | | 05 | 4x4 | सामान्य | 523728.00 | 123935.00 | 2095.00 | 03 वर्ष |
| | | 06 | 4x4 | सामान्य | 523728.00 | 123935.00 | 2095.00 | 03 वर्ष |
| | | 07 | 5.7x4 | अजजा | 746315.00 | 186580.00 | 2986.00 | 03 वर्ष |
| | | 08 | 5.7x4 | सामान्य | 746315.00 | 186580.00 | 2986.00 | 03 वर्ष |
| | | 09 | 5.7x4 | सामान्य | 746315.00 | 186580.00 | 2986.00 | 03 वर्ष |
| | | 10 | 5.7x4 | अपिव | 746315.00 | 186580.00 | 2986.00 | 03 वर्ष |
| | | 11 | 5.7x4 | सामान्य | 746315.00 | 186580.00 | 2986.00 | 03 वर्ष |
| | | 12 | 5.7x4 | सामान्य | 746315.00 | 186580.00 | 2986.00 | 03 वर्ष |

अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है। विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

### NOTICE INVITING TENDER THROGH E-BIDDING

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions)** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | EMD Amt. | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2025_68 Dt. 16.09.2025 RFX No. 8100046189 | **Estimate for shifting of 33 KV Lalpur feeder at Maa Kali Swarg Vatika Muktidham Ravindranath Tagore ward No. 55 and 33 KV Lalpur and 33 KV Amlidih Double Ckt . At Kali Nagar Lalpur Raipur under City Dn. South Raipur.** | 19,27,165/- | - | Dt. 06.10.2025 upto 02:30 PM | Dt. 06.10.2025 upto 03:00 PM |
| 2. | TR-2025_69 Dt. 16.09.2025 RFX No 8100046192 | Hiring of Light Commercial Vehicle (Pickup) or Equivalent (1.70-2.20 Ton Capacity) for maintenance of LT line & Transformer etc, work under **AE Deopuri Zone under City Dn. South CSPDCL Raipur.** Vehicle With 01 No. Additional driver. Vehicle should be commercial tax paid, vehicle capacity 1.7 to 2.2 ton pick -up/ utility vehicle. | 2142180/- | 21422/- | Dt. 06.10.2025 upto 02:30 PM | Dt. 06.10.2025 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

SAVE ELECTRICITY
**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

## हरिभूमि CLASSIFIED
epaper : www.haribhoomi.com
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

### Appointment आवश्यकता

#### दुकान कार्य

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल दुकान में कार्य हेतु युवक की आवश्यकता है। वेतन 8000 - 12000 बायोडाटा सहित **सम्पर्क करे- डी एंड आर इंटरप्राइजेस, जवाहर नगर, ऋषभ चेम्बर, रायपुर, 9754869000.** (RO-968)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की आवश्यकता **संपर्क करें:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास मोबाइल:- 98271-14645, 91311-39179.** (RO-274)

#### टेलीकॉलर

आवश्यकता है- बाबा हॉस्पिलिटी के लिए टेलीकॉलर फीमेल स्टाफ की आवश्यकता है। संपर्क रिंग रोड नंबर 1, वाटर फिल्टर मठ पुरेना भाटागांव के सामने रायपुर छत्तीसगढ़ **संपर्क नंबर -9589989908, 6265022400.** (RO-4801)

#### मैनेजमेंट एग्जीकेटिव

आवश्यकता है- Business Manage करने के लिए MBA/ B.Tech/ BBA पास अनुभवी मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव की रायपुर ऑफिस में आवश्यकता है। Salary; 25,000 से 35000/- तक I Whats up your Resume **8602470046.** (RO-272)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

#### इलेक्ट्रीशियन/गार्ड

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, रायपुर वेयर हाउस हेतु इलेक्ट्रीशियन व सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता। रायपुर व आसपास रहने वाले अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता। इंटरव्यूः सुबह 10–12 बजे, स्थानः वासु लॉजिस्टिक, तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर। **संपर्क:- 7000681512, 9201835614.** (RO-279)

#### ऑफिस बॉय/मार्केटिंग

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु ऑफिस बॉय, पाइप्स के मार्केटिंग हेतु लड़के एवं टाटा एस व डीआई हेतु अनुभवी कुशल ड्राइवरों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, ड्राइविंग लायसेंस धारी ही **संपर्क करें:- बिंदल पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड, स्टेशन रोड, रायपुर 07714034549, 9340052647** (RO-370)

#### ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.** (RO-12)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- तेलीबांधा/ लाभांडी/ वीआईपी रोड में 10+ वर्ष के अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है। उम्र 25 से 35 वर्ष। शराब-गुटखे का सेवन न करने वाले ही संपर्क करें। **संपर्क: 9300593000.** (RO-7228)

#### हाउसकीपिंग

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड में साफ सफाई के लिए स्वीपर, हाउसकीपिंग बाई की आवश्यकता है। अनुभवी व पास में रहने वालों को प्राथमिकता। इंटरव्यू सुबह 10 से 12 बजे तकः वासु लॉजिस्टिक, तेंदुआ, रिंग रोड नं–4, रायपुर। **संपर्क:- 7000681512, 9201956171.** (RO-278)

#### पैकिंग कार्य/ड्रायवर

आवश्यकता है- 400/- प्रतिदिन (+) ओवरटाइम 500/- फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता। **सम्पर्क :- तापड़िया फटाका, नेमीचंद गली, तेलघानीनाका चौक, रायपुर** (RO-962)

#### आवश्यकता

आवश्यकता है- N.S.N. कंपनी में आवश्यकता हैं लड़के एवं लड़कियों की, रहना खाना फ्री, सैलरी 10 से 15 हजार, **संपर्क:- भिलाई-3, सिरसा गेट चौक, सुमीत बाजार के सामने (भिलाई 9827622050) (रायपुर 9993929100)** (RO-276)

#### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है ,10वीं 12वीं पास युवको के लिए जो ग्वालियर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस रहना फ्री, प्रमोशन + ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20हजार महीना **मो. 9039470547, 7869296951.** (RO-415)

हरिभूमि

#### अन्य

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो **संपर्क करें:- 8335914373.** (RO-1137)

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- **7054311719.** (RO-1152)

### Services सर्विसेस

सर्विस - गारण्टी के साथ मोटापा घटायें या बढ़ायें **सम्पर्क करें- राजकुमार सर 09827837045, निशु मेम 09827250697.** (RO-38697)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजना, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### CLASSIFIED RATE CARD

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

ADVT. Booking Time 10.30 am to 3.00 pm.

GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा. नरेन्द्र मोदी जी
एवं प्रदेशाध्यक्ष भाजपा मा. किरण सिंह देव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
17 सितम्बर
रोहित साहू
(विधायक)
राजिम विधानसभा क्षेत्र
ईश्वर साहू
(विधायक)
साजा विधानसभा क्षेत्र
दीपेश साहू
(विधायक)
बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र
श्री निवास राव मद्दी
(अध्यक्ष)
छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कॉरपोरेशन
रंजना डीपेन्द्र साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छ.ग.
पूर्व विधायक धमतरी विधानसभा
जी. वेंकट
(प्रदेश उपाध्यक्ष)
भाजपा छत्तीसगढ़
जगदीश (रामू) रोहरा
महापौर नगर निगम धमतरी
पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा (छ.ग.)
श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल
(अध्यक्ष) जिला पंचायत
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा
अरूण सार्वा
अध्यक्ष
जिला पंचायत धमतरी
नवीन अग्रवाल
(अध्यक्ष)
जिला पंचायत रायपुर
श्रीमती सरस्वती बंजारे
(अध्यक्ष)
जिला पंचायत दुर्ग
श्री आनंद यादव
(जिला अध्यक्ष)
भारतीय जनता पार्टी जि. बलौदाबाजार-भाटापारा
विक्रांत सिंह
(प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा)
उपाध्यक्ष जि.पं. खैरागढ़ छुईखदान गंडई
श्रीमती किरण अमर साहू
(उपाध्यक्ष)
जिला पंचायत, राजनांदगांव
डॉ. राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी
(अध्यक्ष)
जनपद पंचायत खैरागढ़
श्रीमती प्रेरणा शौर्य जीत सिंह
(उपाध्यक्ष, नगर पंचायत साजा)
सदस्य जिला सैनिक कल्याण बोर्ड
शैलेन्द्र यदु
(भाजपा नेता)
जगदलपुर बस्तर
गोविंद ईनाणी
(प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य)
व्यापार प्रकोष्ट भाजपा छत्तीसगढ़
रैतुराम कश्यप
(पूर्व जिला पंचायत सदस्य)
बस्तर
श्रीपाल जैन
(जिला संयोजक)
व्यापार प्रकोष्ट भाजपा बस्तर



# पुरा वैभव से भरा मावली देवी मंदिर तरपोंगा

पुरातात्विक
पी आर श्रीवास्तव



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 62 किलोमीटर तथा रायपुर बिलासपुर रोड पर विश्रामपुर से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित तरपोंगा ग्राम में शिवनाथ नदी के तट पर मावली देवी मंदिर स्थित है। वास्तव में यह प्राचीन ध्वस्त मंदिर स्थली है जहां पर ग्रामीणों ने नया मंदिर निर्मित कर दिया है तथा पुरानी द्वार, चौखट और कुछ मूर्तियों को मंडप की दीवारों में जड़ दिया है। वर्तमान में यह मावली देवी और मावली माता मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। महिषासुर मर्दिनी की प्रतिमा यहां मावली देवी के रूप में पूजित है। मावली माता का यह स्वरूप छत्तीसगढ़ में अधिक लोकप्रिय है। इस मंदिर की प्राचीन द्वार चौखट अलंकृत है। इसकी बाई द्वार शाखा पर नंदी देवी, यमुना और दाई द्वार शाखा पर देवी गंगा विराजित हैं। दीवार पर जड़ित प्रतिमाओं में चतुर्भुजी विष्णु, महिषासुर मर्दिनी एवं उमा महेश्वर महत्वपूर्ण हैं। शिवलिंग, नंदी, सती स्तंभों और योद्धा प्रतिमाओं का अच्छा संग्रह मौजूद है। इस मंदिर की द्वार चौखट और मंडप की प्रतिमाएं 11-12 वीं सदी ईस्वी की है, किन्तु शेष योद्धा प्रतिमाएं और वास्तु खंड जो मंदिर सम्मुख दीवारों पर प्रदर्शित किए गए हैं वे 16-17 वीं शताब्दी के हैं। पुरातात्विक दृष्टि से यह संग्रह महत्वपूर्ण है।

धार्मिक
डा. रमाकांत सोनी

## छत्तीसगढ़ में चऊक पूरे के विधान



छत्तीसगढ़ के लोक चित्रांकन शैली में चऊक पूरे के जुन्ना विधान हे। अंचल में प्रचलित लोककथा, लोक पर्व अउ लोकगीत में चऊक पूरे के उल्लेख हे। ये मन में मोतियन, या गजमोतियन, सतिया, चांदनी, गुणाकी के नाम से उल्लेख मिलता है। इहा कहे जाथे कि जेन परानी चऊक पूरे में माहिर होथे, वोहा घर चलाए में घर संचालन में घलो माहिर होथे। येहा परानी मन के सुंदरता, साज सज्जा, कलात्मक होय के प्रतीक आय। छत्तीसगढ़ में येला चऊक पूरना कहे जाथे। अंचल में मांगलिक चऊक, सीता चऊक पूरे के जादा चलन हे। किसम किसम के चऊक पूरे जाथे जेला तिनकोनिया, चारकोनिया, अठकोनिया, छतनार अकार म बनाए जाथे। एकरे संग गोपद, लक्ष्मी पांव, कलश, स्वास्तिक, ओंकार, ॐ, चक्र, गदा,सर्प लकीर घलो बनाए जाथे। एकर अलावा गुरुवारी चऊक, कुसियारी, पीढई , बिहई, पुरइन पान, मानिक, मखना चानी, कांदा पान, खुर, संखचूर, पदुम, हनडा, बेलबूटा, सोझ डाड़, टेडगा बेडगा, गोलबारी, चकरी अकार घलो बनाए जाथे। यज्ञ, कथा जईसे कर्म कांड में पुरोहित या पंडित मन या परब संस्कार के कारज म सुहागिन मन चऊक पूरथे।

{ पुस्तक समीक्षा }

## छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला



कृति के नाव
छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला

कृतिकार
डा. टी आर रामटेके

प्रकाशक
कर्मा प्रकाशन रायपुर

समीक्षक
डा. रमेंद्रनाथ मिश्र

मूल्य
सात सौ रुपए

पुस्तक छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला में लगभग सौ किलों से सम्बन्धित ऐतिहासिक जानकारी का समावेश है। इसके साथ ही देश के प्राचीन किले कालीबंगा, सुरकोटदा, धौलावीरा, राजगृह ऐरण्ड, कौशाम्बी, पाटलीपुत्र, तक्षशिला, शिशुपालगढ़ का चित्र सहित विवरण दिया गया है। छत्तीसगढ़ की प्राचीन जल परिवहन व्यवस्था के अंतर्गत सिरकट्टी तथा सिरपुर में महानदी के तट पर स्थित नदी, बंदरगाह एवं प्राचीन ऐतिहासिक राजधानी श्रीपुर के वैश्विक व्यापारिक संस्थान का रेखाचित्र, मानचित्र एवं छायाचित्रों सहित उनकी स्थापत्य कला विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। छत्तीसगढ़ के प्राचीन राजवंश, शरभपुरीय वंश, पांडुवंश, नलवंश, सोमवंश के राज्य विस्तार के मानचित्र -रेखाचित्र का शिलालेख एवं ताम्र पत्र लेख के आधार पर निर्माण किया गया है और छायाचित्र सहित उसकी विवेचना की गई है। इसी प्रकार त्रिपुरी के कल्चुरी शासक पृथ्वीदेव प्रथम, जाजल्यदेव प्रथम आदि की राजनीतिक प्रभुत्व का मानचित्र सहित अंकन कर विवेचना की गई है। इसी के अंतर्गत चक्रकोट के छिंदक नागवंश, कांकेर के सोमवंशी नरेश, चौरागढ़ के फनी नागवंश की राज्य सीमा को दर्शाया गया है।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

परम्परा
डा. ओमप्रकाश डहरिया

# गोदना के जरिए भगवान राम के प्रति भक्ति और आस्था का भाव



छत्तीसगढ़ के पूर्वी और मैदानी क्षेत्रों में सतनाम पंथ के अनुयायी सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं। तत्कालीन समय में जब समाज में कुरीतियां काफी व्याप्त थीं, मंदिरों में प्रवेश पर कई तरह के प्रतिबंध थे। माना जाता है कि 1890 के आसपास ऐसे समय में सतनामी समाज के ही एक सदस्य वर्तमान में जांजगीर चांपा जिले के अंतर्गत ग्राम चारपारा निवासी परशुराम ने रामनामी पंथ शुरुआत की।

रामनामी समाज के लोगों के अनुसार शरीर में राम राम शब्द अंकित कराने का कारण इस शाश्वत सत्य को स्वीकार करना है कि जन्म से लेकर मृत्यु के बाद भी पूरे देह को ईश्वर को समर्पित कर देना है।

राम को ईस्ट देव मान कर रामनामी जीवन के वास्तविक सार को ग्रहण करते हैं। इसी वास्तविकता को मानते हुए रामनामी समाज के लोग पूरे शरीर में गोदना अंकित कर अपना भक्ति भाव राम को समर्पित करते हैं।

रामनामी समाज अहिंसा पर विश्वास करते हैं। सत्य बोलते हैं। सात्विक भोजन करते हैं।



सतनाम पंथ के लोग सतनाम की आराधना करते हैं, वहीं रामनामी समाज राम की आराधना करते हैं। सतनामी पंथ के संस्थापक संत गुरु घासीदास बाबा ने कहा है कि -

अपन घट के ही देव ल मनइबो।
मंदिरवा में का करे बर जइबो।

इसी वाक्य के जरिए यह पंथ अपने शरीर को ही मंदिर मान कर उन्हीं की पूजा आराधना व विचार बदलने की बात कही है, वहीं रामनामी समाज के लोगों ने भी मंदिर और मूर्ति के बजाय अपने रोम रोम में ही राम को बसा लिया और तन को मंदिर बना दिया। अब इस समाज के लोग इस परम्परा को निभा रहे हैं। इनकी एक अलग पहचान है। पूरे बदन पर राम नाम का गोदना गुदवाते हैं। घरों की दीवारों में भी राम के ही चित्र होते हैं। अभिवादन भी राम का नाम लेकर करते हैं।

पर्यटनः कमलेश यादव

## प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व को संजोए

# अमृत धारा जलप्रपात

वर्तमान कोरिया जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूरी पर रामगढ़ की पहाड़ी पर हसदो नदी का उदगम स्थल है। यह नदी आगे बढ़ते हुए जलप्रपात में परिवर्तित हो जाती है। भगवान राम के प्रवास के दौरान इस स्मृति को बनाए रखने के लिए जलप्रपात का नाम अमृतधारा रखा गया है। वर्तमान में यह जलप्रपात भरतपुर, मनेंद्रगढ़ और चिरमिरी से होकर बहती है, जिला मुख्यालय से इसकी दूरी लगभग 25 कि मी है। मान्यता है कि इस क्षेत्र में भगवान राम के आगमन के बाद इस जलप्रपात में स्नान की परम्परा बनी। गोस्वामी तुलसीदास जी ने इस स्थल का उल्लेख रामायण में किया है। पौराणिक ग्रन्थ में भी तपस्वी ऋषि वामदेव ने इस क्षेत्र में वर्णों की उत्पत्ति की जानकारी दी थी। ऐसा भी माना जाता है कि पुलस्त्य ऋषि के पुत्र रावण के पिता ऋषि विश्रवा भी इस क्षेत्र में तपस्या करते थे। अमृतधारा जलप्रपात के पास उपदेश देने के बाद ऋषि विश्रवा ऋष्यमूक पर्वत पर चले गए,



जहां रावण, कुंभकर्ण और कुबेर जी का जन्म हुआ। इन सभी घटनाओं का उल्लेख पौराणिक ग्रन्थ में मिलता है। यह जलप्रपात अभी पर्यटकों के लिए काफी महत्व रखता है। पर्यटक स्थल पर प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद लेते हैं।

सुरता
डा. महेशचंद्र शर्मा

## हमारी धरा को पुष्पित और पल्लवित करने वालों में डा. नत्थूलाल जी गुप्त ' नवल'

छत्तीसगढ़ की धरा को अनेक मनीषियों ने अपनी प्रतिभा पुष्पित और पल्लवित किया है। इसी कड़ी में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभा में डा नत्थूलाल जी गुप्त नवल का नाम आता है। आप शासकीय संस्कृत महाविद्यालय रायपुर के शुरुआती छात्र कर्मठ एवं अध्यवसायी लेखक के रूप में विख्यात हुए। आपका जन्म एक जुलाई 1940 को हिंगणघाट, वर्धा में हुआ। आपने रायपुर से एम ए क्लासिक व संस्कृत की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। बाद में हिन्दी, इतिहास सहित पांच विषयों में एम ए उत्तीर्ण की। इसके बाद स्वाध्याय, शोध और पठन पाठन के क्रम के साथ ही पी एच डी और डी लिट भी आपने किया। केंद्रीय विद्यालय संगठन में व्याख्याता से सहायक आयुक्त के पद पर सेवा देते हुए भी अध्ययन और अध्यापन कार्य में लगे रहे। तीन दशक से अधिक समय तक शिक्षा और साहित्य की सेवा करने वाले डा गुप्त जी ने हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजी में 35 से अधिक श्रेष्ठ ग्रंथों की रचना की जो कि एक कीर्तिमान है। मानव मूल्यों की खोज, महाभारतकालीन शिक्षा, संस्कृत के सात सोपान, प्राचीन भारतीय आर्य परम्परा, भारत में धर्म सिद्धांत और परम्परा के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति, संस्कृत और संस्कार पुस्तके लिखी हैं। 70 से अधिक लेख, आलेख और शोधालेख भी हैं जो यथा समय पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। संस्कृत के क्षेत्र में इसे छत्तीसगढ़ की ओर से एक महत्वपूर्ण प्रदेय कहे जा सकते हैं। 1964 में आपने कल्याण महाविद्यालय भिलाई में संस्कृत और हिन्दी अध्यापन कार्य किए। केंद्रीय सेवा में रहने के कारण आप पूरे देश केंद्रीय विद्यालय में अपनी सेवाएं दी।

गांव की कहानीः डा. प्रकाश पतंगीवार

# प्राचीन धरोहरों का ग्राम कंवर

**धमतरी गुण्डरदेही मार्ग पर स्थित आमदी गांव से 2 कि मी दूर कंवर बसा है। गुरूर तहसील से कंवर की दूरी 8 कि मी है। पहले यह दुर्ग जिले के अंतर्गत आता था। कंवर ग्राम को पावन तीर्थ की संज्ञा दी गई है। कल्चुरी काल में एक बहादुर कंवर सैनिक को गुण्डरदेही परगना पुरस्कार स्वरूप मिला। इसी परगने में राजोली, अरमरी, अर्जुनदाह, व गुरडा तालुक शामिल थे। अरमरी तालुका के 12 गांवों में कंवर भी आता था। इतिहास से पता चलता है कि ठाकुर मानसिंह कंवर क्षत्रिय ने ही इस गांव को बसाया। जिसे पूर्व में गढ़ पिपरी या गढ़िया डीह नाम से जाना जाता था।**

1532 में बस्तर के राजा को रतनपुर के राजा के साथ युद्ध में पहली बार माखन सिंह के नेतृत्व में विजय प्राप्त हुई। जिससे उपहार स्वरूप 240 गांवों का क्षेत्र माखनसिंह को मिला। सन 1956 में पानीपत के प्रथम युद्ध के पश्चात बाबर के विजयी होने से भारत का मुगलकालीन इतिहास का आगाज शुरू हो गया। उनके बाद 1527 में चंदेरी ग्वालियर के किले पर आक्रमण किया, जिसमें मानसिंह तोमर पराजित हुआ। तत्कालीन महाराज के सैन्य दल में माखन सिंह कंवर भी था। कंवर लोगों का सैन्य दल रतनपुर महाराजा के सैन्य दल में शामिल हो गया और माखन सिंह की वीरता को देखते हुए सेनापति बनाया गया। गुण्डरदेही जमींदारी की 17वीं पीढ़ी में ठाकुर थानसिंह हुए,



जिन्होंने अपनी कुल देवी चंडी मंदिर की स्थापना की। माखन सिंह चंडी देवी के परम भक्त थे। कहा जाता है कि पहले जमींदार ठाकुर माखन सिंह अपनी कुल देवी की मूर्ति रतनपुर से अपने साथ लेकर आए थे और गुण्डरदेही में ही रहने लगे। यहां की आदि शक्ति मां चंडिका है, लेकिन गुण्डरदेही की आदि शक्ति मां नव दुर्गा सिंह रूप में विराजित हैं। कालांतर में कंवर गांव की प्रतिमा उचित देखभाल के अभाव में खंडित हो गई गई। माखन सिंह ने अपने क्षेत्र के पूर्वी सीमा के लिए गढ़ी बनाया था, जिसे कंवर लोगों का गढ़ी कहा जाता था। उसी माखन सिंह कंवर के नाम से उस स्थान का नाम 1533 में कंवर गांव का नाम पड़ा। गुरूर से सीधे खुदनी व कंवर तक रास्ते भर सैकड़ों हजारों प्राचीन मूर्तियां धरती में समाई हैं। नरसिंग नाथ, चंडी देवी, महामाई, गढ़िया देव, भैंसासुर, नेवार देव, सहड़ा देव, कंकालीन, गंगा राम, बूढ़ा देव, धनकुंवारी, ठाकुर देव और देवई देव जैसी मूर्तियां धरती में समाई हैं। यह लोक देवता हैं जो अनिष्ट का निवारण करते हैं।

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**
**(पंजीकरण विंडो को 15.09.2025 से 29.09.2025 तक पुनः खोला जाएगा)**

विज्ञापन संख्या CRPD/SCO/2025-26/05 के तहत अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 11.07.2025 से 07.08.2025 तक पंजीकरण के लिए खोला गया था।

निम्नलिखित पदों के लिए पंजीकरण विंडो को 15.09.2025 से 29.09.2025 तक पुनः खोलने का निर्णय लिया गया है।

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/05 (संशोधित)**

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 01 | संविदा |
| 2 | एवीपी (आईएस ऑडिट) | 14 | संविदा |

**जिन उम्मीदवारों ने इस भर्ती के लिए उपरोक्त पदों में से किसी एक के लिए 11.07.2025 से 07.08.2025 की अवधि के दौरान पहले आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। केवल वे उम्मीदवार जिन्होंने पहले आवेदन नहीं किया है, वे विज्ञापन संख्या CRPD/SCO/2025–26/05 (संशोधित) में दिए गए विस्तृत विवरण के अनुसार पदों के लिए संशोधित पात्रता मानदंडों के साथ आवेदन कर सकते हैं।**

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करें. आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता एवं अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य जानकारी के लिए कृपया **"CONTACT US"→ "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 15.09.2025 से 29.09.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 15.09.2025 **महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## बिजनेस साइट

# अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स को 'एक्सीलेंस इन डिजाइन' अवॉर्ड से नवाजा गया




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स को देश के प्रतिष्ठित रिटेल ज्वेलर्स गिल्ड अवार्ड 2025 में 'एक्सीलेंस इन डिजाइन - पोल्की, कुंदन और जड़ाऊ बैंगल एवं ब्रेसलेट' श्रेणी में सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार आईडीटी जेमोलॉजिकल लेबोरेट्रीज वर्ल्डवाइड द्वारा आयोजित भव्य समारोह में नई दिल्ली स्थित होटल इंपीरियल में प्रदान किया गया। संस्था के संचालक सौरभ बरड़िया एवं सिद्धार्थ बरड़िया की उत्कृष्ट डिजाइन प्रतिभा और कलात्मकता को राष्ट्रीय मंच पर सराहा गया। यह सम्मान आभूषण निर्माण में उनकी रचनात्मक सोच, गुणवत्ता और नवाचार की स्पष्ट पहचान है। इस अवसर पर सिद्धार्थ बरड़िया ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे दशकों पुराने ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि को समर्पित है। यह सिर्फ एक शुरुआत है-हम आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपने पूर्वजों की विरासत को और आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि स्व. जसराज बरड़िया की प्रेरणा से लगातार नई डिजाइनों पर कार्य करना और ग्राहकों की अपेक्षाओं से बढ़कर सेवा देना ही उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। गौरतलब है कि अनुपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स की स्थापना वर्ष 1957 में स्व. जसराज बरड़िया द्वारा की गई थी।

# इट्सा हॉस्पिटल में मिल रहा है सम्पूर्ण डेंटल और हार्ट हेल्थ का समाधान



**रायपुर।** स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, मुंह की सेहत और दिल की बीमारियों के बीच एक गहरा और वैज्ञानिक संबंध है। सड्डू स्थित इट्सा हॉस्पिटल के डेंटल विभाग में डॉ. सोनल अग्रवाल इस महत्वपूर्ण कड़ी को समझते हुए न केवल प्रिवेंटिव केयर, बल्कि सौंदर्यवर्धन उपचार और कॉम्प्लेक्स डेंटल ट्रीटमेंट्स के क्षेत्र में भी बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रही हैं। डॉ. सोनल अग्रवाल बताती हैं, लोग अक्सर मुंह की बीमारियों को हल्के में ले लेते हैं, लेकिन दांत और मसूड़ों की खराब स्थिति सीधे तौर पर दिल की सेहत को प्रभावित कर सकती है। हम यहां इट्सा हॉस्पिटल में मुंह की बीमारियों के साथ-साथ उनसे जुड़ी संभावित हृदय संबंधी जोखिमों का भी विश्लेषण और उपचार करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए अध्ययनों से यह साबित हो चुका है कि जिन लोगों को मसूड़ों की सूजन (गंभीर पायरिया) या दांतों के गिरने की समस्या होती है, उन्हें दिल की बीमारियां होने का खतरा लगभग 2.7 गुना अधिक होता है। इसमें दिल का दौरा (हार्ट अटैक) और स्ट्रोक जैसे गंभीर रोग शामिल हैं। डॉ. सोनल अग्रवाल नियमित देखभाल पर जोर देती हैं।

**यूको बैंक UCO BANK** (भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

**प्रथम तल, भदोरिया टावर, हाई स्कूल रोड, जगदलपुर-494001**

## कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।**

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का **किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा** जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | ऋणी का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / कब्जा के प्रकार | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता - श्री कमलेश के. मंडन एवं श्रीमती सश्या मंडन** | शिव मंदिर वार्ड क्रमांक 03, डोंगाघाट, शहर या कस्बा- जगदलपुर में स्थित का खसरा क्रमांक 576/4 क्षेत्रफल 2000 वर्ग फुट की संपत्ति का समस्त भाग जिसका पंजीकरण उप-जिला जगदलपुर एवं जिला बस्तर के अंतर्गत आता है। **चौहद्दीः उत्तरः** खसरा क्रमांक 576/1 की शेष भूमि, **दक्षिणः** सड़क, **पूर्वः** सरकारी भूमि, **पश्चिमः** खसरा क्रमांक 577 की शेष भूमि। | **24/06/2025** / **12/09/2025** / **सांकेतिक कब्जा** | ₹ **29,19,736.00** + ब्याज देय और अन्य खर्च । |

**दिनांकः 16.09.2025 स्थानः जगदलपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक**







"करवट बदल रहा है देखो
भारत का इतिहास"
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ
पर निरंतर आगे बढ़ता देश
भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं विश्व के लोकप्रिय नेता
आदरणीय
श्री नरेंद्र मोदी जी
को जन्मदिन की हार्दिक
शुभकामनाएं...
लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री - महिला एवं बाल विकास तथा
समाज कल्याण विभाग छ.ग. शासन
विनीत:- विधानसभा क्षेत्र भटगांव, जिला - सूरजपुर

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

# मोदी की गारंटी से संवर रहा छत्तीसगढ़

**47,000 करोड़**
की लागत से
**रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन**

**40,000 करोड़ से अधिक**
की लागत से
**राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास**

**69 लाख से अधिक**
महिलाओं के खातों में पहुंचे
**₹12,376 करोड़**
**महतारी वंदन योजना**

**40 लाख से अधिक**
परिवारों को स्वच्छ पेयजल
**जल जीवन मिशन**

**25.47 लाख**
किसानों के खातों में पहुंचे
**₹9,765 करोड़**
**पीएम किसान सम्मान निधि**

**26 लाख**
परिवारों का पक्के घर का सपना साकार
**पीएम आवास योजना**

**59 हज़ार**
परिवारों को मिल रहा लाभ
**पीएम जनमन योजना**

**6,691**
ग्राम लाभान्वित
**धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान**







श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...

प्रदेशवासियों की ओर से
माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी जी** का
**आभार** एवं **अभिनंदन..!**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## बुडापेस्ट-2023 में नीरज ने जीता था स्वर्ण पदक

# विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह आज उतरेंगे खिताब का बचाव करने

एजेंसी ▶▶| तोक्यो

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा आज बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। चोपड़ा का लक्ष्य पुरुष भाला फेंक में विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा।




### इन खिलाड़ियों ने जीता दो बार स्वर्ण पदक

चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेंजी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही अब तक लगातार दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है।

### यह भारत के लिए होगी ऐतिहासिक प्रतियोगिता

यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता होगी क्योंकि सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव मैदान पर नीरज के साथ शामिल होंगे, जो इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देशों में सबसे बड़ी संख्या है। चोपड़ा को गत विजेता के रूप में वाइल्ड कार्ड दिया गया है, जबकि अन्य तीन ने विश्व रैंकिंग के जरिए क्वालीफाई किया।

### चोपड़ा का सामना कल पाक के नदीम से

चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करेंगे जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा का उस दिन सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर था और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों को क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है।

### चोपड़ा और नदीम दोनों अलग-अलग ग्रुप में

चोपड़ा को बुधवार को 19 सदस्यीय ग्रुप ए क्वालीफिकेशन राउंड में वेबर, वाल्कोट, वाडलेज और सचिन के साथ रखा गया है, जबकि 18 सदस्यीय ग्रुप बी में नदीम, पीटर्स, येगो, डा सिल्वा, रोहित, यशवीर और उभरते हुए श्रीलंकाई खिलाड़ी रमेश थरंगा पथिरगे शामिल हैं। जो खिलाड़ी 84.50 मीटर की दूरी तक पहुंचेंगे या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए स्वर्ण पदक जीतना आसान नहीं होगा लेकिन यह वही स्टेडियम है जहां उन्होंने 2021 में ओलंपिक स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था।

## आनंदकुमार ने रचा इतिहास, पहली बार भारत को स्पीड स्केटिंग में दिलाया स्वर्ण




**बीजिंग।** आनंदकुमार वेलकुमार ने 'स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025' में इतिहास रच दिया है। वह भारत के लिए इस खेल में पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 22 वर्षीय वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट रेस 1:24.924 मिनट समय में पूरी कर स्वर्ण हासिल किया। कुछ दिन पहले ही उन्होंने 500 मीटर स्प्रिंट में 43.072 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता था, जो भारत का सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पहला पदक था। स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप टूर्नामेंट चीन में खेला जा रहा है। तमिलनाडु के रहने वाले वेलकुमार कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी से कर रहे हैं।

## पाक मुकाबला आज यूएई से एक चूक से हो जाएगा बाहर




एजेंसी ▶▶| दुबई

अपनी कमजोरियों और बाहरी विवादों से जूझ रही पाकिस्तान की टीम को आज बुधवार को यहां एशिया कप में अपने अभियान को पटरी पर बनाए रखने के लिए ग्रुप ए के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करो या मरो मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और फिलहाल वह दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नेट रन रेट के आधार पर वह यूएई (दो अंक) से आगे है, लेकिन यहां एक भी चूक उसे बाहर का रास्ता दिखा देगी। भारत के खिलाफ सात विकेट की करारी हार ने इस पाकिस्तानी टीम की कमजोरी उजागर कर दी है। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने से पैदा हुए विवाद के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार उसने धमकी दी है कि यदि जिम्बाब्वे के इस रेफरी को नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने उसकी इस मांग को नामंजूर कर दिया है। भले ही यह फैसला प्रशासनिक स्तर का है लेकिन पाकिस्तान के खिलाड़ी इससे अपना ध्यान हटा पाएंगे ऐसा मुश्किल लगता है।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभग्न, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों की क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
94060-21769

## बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 8 रन से हराया, जीता अपना दूसरा मैच

एजेंसी ▶▶| अबूधाबी

एशिया कप 2025 के 9वें मैच में बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को 8 रन से हराते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की। अबुधाबी में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 154/5 का स्कोर बनाया। जवाब में अफगानी टीम ने पूरे ओवर खेलने के बाद सभी विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी।

### रोचक रहा मुकाबला

बांग्लादेश से सैफ हसन (30) और तंजीद हसन (52) की जोड़ी ने 63 रन की साझेदारी की। मध्यक्रम में तौहीद हृदॉय ने 20 गेंदों में 26 रन बनाए और बांग्लादेश ने 150 के पार अपना स्कोर बनाया। जवाब में अफगानिस्तान से सेदिकुल्लाह अटल (0) और इब्राहिम जादरान (5) सस्ते में आउट हुए। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज (35) ने संघर्ष किया। वहीं, अजमतुल्लाह उमरजई (30) और राशिद खान (20) का संघर्ष भी जीत नहीं दिला सका।



### तंजीद हसन ने लगाया अपना 7वां अर्धशतक

बांग्लादेश के तंजीद ने पारी का तीसरे ओवर करने आए फजलहक फारूकी की जमकर खबर ली। उस ओवर में बांग्लादेशी सलामी बल्लेबाज ने 4 चौके लगाते हुए उम्दा लय के संकेत दिए। आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए इस 24 वर्षीय बल्लेबाज ने सिर्फ 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 31 गेंदों में 4 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 7वां अर्धशतक रहा।

## सिंधू चीन मास्टर्स के पहले दौर में जीती

**शेनझेन (चीन)।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने यहां पहले दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जैकबसन को सिर्फ 27 मिनट में 21-4, 21-10 से हराया। भारतीय खिलाड़ी को यह जीत हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ हार के 10 दिन से भी कम समय बाद मिली है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करें- 9039055548, 9300000989, 9300000702

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Lab Care DIAGNOSTICS
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवाएँ उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच
पता: सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्पलेक्स के सामने, दास स्वीटस के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

कार्यालय, नगर पंचायत सरिया
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
E-mail- cmonpsariya@gmail.com
क्रमांक/1684/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 सरिया, दिनांक 15/09/2025
// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //
एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत सरिया द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु.लागत (रू. लाख में) | निविदा ऑनलाईन सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 175761 | नगर पंचायत सरिया में बस स्टैण्ड भवन और वाणिज्यिक दुकान निर्माण कार्य | 136.71 | 03-10-2025 17:30 PM |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।
जल ही जीवन है, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें। समय पर करों का भुगतान करें।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरिया
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद
अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
ई-निविदा (1st Call) निविदा सूचना सं0-
RCD/DHANBAD/1757/2025-26
दिनांक : 16.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, धनबाद अन्तर्गत निरसा [NH-19 (Old NH- 02) पर] -केलियासोल से खाड़ापाथर पथ (कुल लं0- 16.650 कि0मी0) का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (वित्तीय वर्ष 2025-26)। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | रू0 44,33,17,840.00 |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| 4. | ई-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.10.2025 के पूर्वाह्न 12.00 बजे तक |
| 5. | ई-निविदा का बेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि एवं समय | 25.09.2025 के पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 6. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान | 06.10.2025 के 12.00 बजे दोपहर से मुख्य अभियंता (या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-02, धुर्वा, रांची। |
| 6. | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 7. | ई-प्रोक्यूरमेन्ट अधिकारी का सम्पर्क नं0 | 0326-2313368 |
| 8. | ई-प्रोक्यूरमेन्ट सेल का सम्पर्क सहायता नम्बर | 0651-2401010 |

विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता,
PR 362132 Road(25-26).D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

सभी प्रकार की एलर्जी
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
Vrinda Multispeciality Hospital
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
मो. 7999450384, 7042974029

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
फोन: 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास
डॉ. नमित नंदे
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू, चौबे कालोनी, प्रगति कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
0771-3133896, +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130



डॉ. सुश्री सरोज पांडेय जी
मान. बृजमोहन अग्रवाल सांसद
मान. रामविचार नेताम केबिनेट मंत्री
मान. श्याम जायसवाल केबिनेट मंत्री
मान. ओ.पी. चौधरी केबिनेट मंत्री
मान. केदार कश्यप केबिनेट मंत्री
मान. टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री
मान. दयाल दास बघेल केबिनेट मंत्री
मान. लक्ष्मी राजवाड़े केबिनेट मंत्री
मान. लखनलाल देवांगन केबिनेट मंत्री
मान. गुरू खुशवंत साहेब केबिनेट मंत्री
मान. गजेन्द्र यादव केबिनेट मंत्री
मान. राजेश अग्रवाल केबिनेट मंत्री
मान. मीनल चौबे महापौर, रायपुर
जीवेत शरदः शतम्
17 सितम्बर
मन, वचन एवं कर्म से सदैव भारतवासियों की
सेवा में तत्पर रहने वाले भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री
माननीय नरेन्द्र मोदी जी
एवं जगदलपुर के कर्मठ व जुझारू विधायक,
छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष
माननीय किरण सिंहदेव जी
को
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
विनीत : प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

# पृथ्वी को मिला नया वफादार साथी, 60 साल से चुपचाप परिक्रमा कर रहा नन्हा चांद

**वॉशिंगटन।** पृथ्वी को पिछले 4.5 अरब सालों से चांद के रूप में एक वफादार साथी मिला हुआ है, लेकिन अब खगोलशास्त्रियों का कहना है कि उन्हें एक और साथी दिखाई दिया है, जो चुपके से कुछ समय से पृथ्वी के साथ चक्कर लगा रहा है। अमेरिकी शहर हवाई के खगोलविदों ने एक क्वासी-मून यानी अर्ध-चंद्र की खोज की है। इसका नाम '2025 पीएन7' रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह 1960 के दशक से पृथ्वी के साथ-साथ सूरज की परिक्रमा कर रहा है।

### महज 19 मीटर चौड़ा है नन्हा चांद

वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह कोई चांद नहीं, बल्कि एक एस्टरॉयड है। यह महज 19 मीटर (62 फीट) चौड़ा है। यह पृथ्वी की कक्षा में नहीं, बल्कि सूरज के चारों ओर पृथ्वी के रूट पर चक्कर लगा रहा है। शोधकर्ताओं ने रिसर्च के बाद पाया है कि यह एस्टरॉयड पिछले 60 सालों से पृथ्वी के साथ अर्ध-कक्षा में है और अगले 60 सालों तक यूं ही आसपास बना रहेगा। इसके बाद यह धीरे-धीरे दूर चला जाएगा।यह पृथ्वी जैसी कक्षा में पाया गया सातवां ज्ञात क्वासी-मून है और इसे सबसे छोटा और सबसे अस्थिर माना गया है।



### पिछले 60 साल से कर रहा पृथ्वी की परिक्रमा

वैज्ञानिकों को क्वासी-उपग्रहों के बारे में 1991 में पहली बार पता चला था, जब '1991 वीजी' की खोज हुई थी। उस समय कुछ लोगों ने इसे एलियन यान समझा था, लेकिन अब यह माना जाता है कि ये प्राकृतिक एस्टरॉयड हैं, जो पृथ्वी-चांद प्रणाली के साथ सूरज की परिक्रमा करते हैं। खास बात ये है यह क्वासी-मून केवल अच्छे टेलीस्कोप से ही दिखाई देता है। हालांकि, यह देखने में ऐसा लगता है कि यह पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है, लेकिन यह गुरुत्वाकर्षण से पृथ्वी से बंधा नहीं है।

### करीब 5 करोड़ किमी दूरी पर रहता है नया चांद

2025 पीएन7 अर्जुना नामक खगोलीय पिंडों की एक खास श्रेणी का हिस्सा है, जो पृथ्वी के साथ तालमेल बनाकर सूरज की परिक्रमा करते हैं। यह नया साथी भले ही लंबे समय से पृथ्वी का पीछा करता दिख रहा हो, लेकिन इसका साथ दूसरी मशहूर क्वासी-मून कामो'ओलेवा की तुलना में कम समय का है, जो लगभग 381 साल तक पृथ्वी की कक्षा से जुड़ा रहता है। 2025 पीएन7 नाम का यह एस्टरायड पृथ्वी से 45 लाख किलोमीटर से लेकर 5.9 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर रहता है। मैड्रिड की कॉम्प्लुटेंस यूनिवर्सिटी के सह-लेखक कार्लोस डे ला फुएंते मार्कोस ने बताया कि ये क्वासी-मून आश्चर्यों से भरे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षुद्रग्रह छोटा और धुंधला है, इसलिए इसके इतने समय तक छिपे रहने में कोई आश्चर्य नहीं है।

फोटो अपलोड करने से पहले 100 बार सोच लें

# नैनो बनाना एआई साड़ी ट्रेंड लड़कियों की सुरक्षा के लिए है खतरनाक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एआई 3डी फोटो का नया ट्रेंड तेजी से फैल रहा है, जिसमें गूगल जेमिनी के नैनो बनाना एआई एप के जरिए लोग तरह-तरह के प्रॉम्प्ट से अपनी तस्वीरें बना रहे हैं। महिलाओं को लेकर इन दिनों बनाना एआई पर साड़ी वाला ट्रेंड चल रहा है। महिलाएं एक के बाद एक इस एप की मदद से अपना साड़ी वाला फोटो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर शेयर करके खूब लाइक बटोर रही हैं। अब इस कड़ी में इस बनाना एआई टेक्नोलॉजी पर एक लड़की ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। लड़की ने इसे अपने फोटो से उदाहरण देकर समझाया है और जो उसने खुलासा किया है, उसे जानने के बाद आप कभी भी इस तरह के एप पर अपनी तस्वीरें नहीं बनाएंगे। झलक भवनानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह बता रही हैं कि इस साड़ी वाले फोटो ट्रेंड को उसने भी ट्राई किया था।



### एआई को कैसे पता चला एक तिल है

इस बाबत लड़की ने फुल स्लीव वाले ग्रीन सूट में अपना एक फोटो अपलोड किया था और इस फोटो के जवाब में उसे बनाना एआई से काले रंग की साड़ी और ब्लाउज में फोटो मिला, लेकिन चौंकाने वाली बात यह नहीं हैं। दरअसल, लड़की ने बताया कि उसने फुल स्लीव सूट में फोटो शेयर किया था, लेकिन बनाना एआई को कैसे पता चला है कि उसकी हाथ पर ऊपर की ओर एक तिल भी है, जबकि वो तो सूट की स्लीव से कवर था। ऐसे में लड़की का कहना है कि यह एप लड़कियों की सुरक्षा के लिहाज खतरनाक है। उसने कहा कि लड़कियां और महिलाएं ऐसे किसी भी ट्रेंड को फॉलो करने से पहले सौ बार सोच लें।

# शादी में खाना खाते-खाते, चिकन लेग पीस उठाकर महिला ने पर्स में रखा

**नई दिल्ली।** एक शादी में आई महिला गेस्ट का वीडियो इंटरनेट पर लोगों को खूब हंसा रहा है, जिसमें वह अपनी प्लेट से चिकन का एक टुकड़ा चुपके से निकालकर, टिशू पेपर में लपेटकर अपने पर्स में रख लेती है। देखकर ऐसा लग रहा है कि महिला खाना पूरा नहीं खा पाई थी और चिकन का टुकड़ा बर्बाद नहीं करना चाहती थी। इसलिए उसे



लपेटकर घर ले गई। वायरल वीडियो ने सोशल मीडिया यूज़र्स को महिला के इस कारनामे पर मज़ेदार कमेंट्स पोस्ट करने के लिए मजबूर कर दिया। सोशल मीडिया यूज़र्स ने इस पोस्ट पर मज़ेदार कमेंट्स की बाढ़ ला दी और महिला के 'नो-वेस्टेज' रवैये का जमकर मज़ाक उड़ाया। कई लोगों ने इसे 'एक देसी पल' कहा, जबकि कुछ लोग इस मज़ेदार दृश्य को देखकर अपनी हंसी नहीं रोक पाए। एक यूजर ने लिखा-अब पता चल गया ज्यादा तर ये पर्स कहां यूज होता है। दूसरे ने लिखा- पापा की परियों का पर्स तो खज़ाने से कम नहीं होता, उसमें टॉफी से लेकर जादू तक सब छुपा होता है।















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com